विषय सूची

क्र.सं.		पृष्ठ
1.	भारतीय रेल में सुशासन की रणनीति ***कामेश्वर चौधरी,*** *आईआरएसएस (सेवानिवृत्त)* पूर्व भंडार नियंत्रक, पूमरे/उरे	02
2.	निवारक जाँच- सुशासन का एक साधन ***हरानन्द****, मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब*	08
3.	रामलीला ***हरानन्द****, मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब*	09
4.	फील्ड यूनिट के द्वारा भंडार सामग्रियों का संचालन व संबंधित अभिलेख का रख-रखाव ***महेश कुमार,*** *उप मुसताधि/भंडार*	10
5.	मेकेनाईज्ड क्लीनिंग, ओ.बी.एच.एस., सीटीएस संविदाओं के कार्य संचालन में पाई गई कमियां ***एस.पी.एस. यादव,*** *उप मुसताधि/विद्युत*	17
6.	निविदा एवं संविदा प्रबंधन ***जे.के. सिंह,*** *उप मुसताधि/इंजी.* ***जेड.ए. मल्लिक,*** *सताधि/इंजी.*	21
7.	केस अध्ययन (यातायात)	42
8.	केस अध्ययन (लेखा एवं कार्मिक)	52
9.	केस अध्ययन (अभियंत्रण)	58
10.	केस अध्ययन (भंडार, चिकित्सा एवं सुरक्षा)	62
11.	केस अध्ययन (विद्युत)	66
12.	महत्वपूर्ण प्रणाली सुधार पत्र	69

CONTENTS

Sl.No.		Page No.
1.	Strategy for Good Governance in Indian Railways ***Kameshwar Choudhary****, IRSS (Retd.)* *Former Controller of Stores (ECR/NR)*	02
2.	Preventive Check as a tool of good goverance ***Harananda****, Chief Security Commissioner/RPF*	08
3.	Handling of stores and maintenance of records thereof by field units ***Mahesh Kumar,*** *Dy CVO/S*	10
4.	Shortcomings in execution of the Mechanised cleaning, OBHS, CTS Contracts ***S.P.S. Yadav,*** *Dy CVO/Elect.*	17
5.	Laid down provisions for weighment of rakes ***Shikha Srivastava,*** *Dy CVO/Traffic*	20
6.	Tender & Contract Management ***J.K. Singh,*** *Dy CVO/Engg.* ***Z.A. Mallick,*** *VO/Engg.*	21
7.	Case Studies (Traffic)	42
8.	Case Studies (Accounts & Personnel)	52
9.	Case Studies (Engineering)	58
10.	Case Studies (Stores, Medical & Security)	62
11.	Case Studies (Electrical)	66
12.	Important System Improvement Letters	69

भारतीय रेल में सुशासन की रणनीति

- कामेश्वर चौधरी,
आइआरएसएस(सेवानिवृत्त)
पूर्व भंडार नियंत्रक, पूमरे/उरे

'समृद्धि और विकास जनता की खुशियों को तब तक सुनिश्चित नहीं करेगा, जब तक सुशासन न हो' -गुरचरन दास

सार्वजनिक कार्यक्षेत्रों में सभी कार्यों का प्रबंधन शासन के अंतर्गत आता है जो प्रत्येक नागरिक और समाज को, उनके सामर्थ्य को उन्नत करने और अवसर प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करता है। नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्रधन के निष्पक्ष वितरण के लिए समान अवसर मुहैया कराने हेतु सरकार संगठित समाज का छोटा परंतु सबसे मजबूत अंग है। क्लिंटन-गोर की रिपोर्ट - 'फ्रॉम रेड टेप टू रिजल्ट्स' ने मुख्य रूप से एक ऐसी सरकार के बारे में बताया जो कम लागत पर बेहतर कार्य करता हो। राज्य जनता के आर्थिक, कानूनी और राजनीतिक विकास के लिए उत्तरदायी है। यह अवसर मुहैया कराने वाले बाजारों को नियंत्रित करता है। शासन के कार्यों में आम लोगों की भागीदारी के लिए समाज जनता के विचारों को लामबंद करता है।

भारत सरकार के अंतर्गत भारतीय रेल 'साम्राज्य के अंतर्गत साम्राज्य' है जिसकी केन्द्र सरकार के समानांतर अपनी बजटीय प्रक्रिया है। भारत के कोने-कोने में भारतीय रेल की व्यापक उपस्थिति है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है। यह देश के नागरिकों का सबसे बड़ा नियोक्ता है। भारतीय रेल प्रतिदिन लगभग 13000 ट्रेनें चलाती है जिसमें 23 मिलियन यात्री सफर करते हैं जो 65000 रुट किमी के रेल नेटवर्क द्वारा 8000 स्टेशनों को जोड़ती है। यह लगभग 10000 लाख टन माल की ढुलाई करती है। तंगहाल अवस्था में परिचालित और कम निवेश होने के बावजूद यह राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 1% का योगदान करती है। बहरहाल, यह अपने वेतन बिल का भुगतान तो करती ही है, नियमित रुप से भारत सरकार को लाभांश भी अदा करती है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के लिए भारतीय रेल को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया है क्योंकि भारतीय रेल के विशाल नेटवर्क के कारण यदि इसका विवेकपूर्ण तरीके से लाभ उठाया जाए तो यह आंतरिक इलाकों में भी पर्याप्त विकास कर सकता है।

STRATEGY FOR GOOD GOVERNANCE IN INDIAN RAILWAYS

- Kameshwar Choudhary, IRSS(Retd)
Former Controller of Stores (ECR/NR)

"Prosperity and growth will not ensure happiness to people, unless there is good governance"-----Gurcharan Das

Governance includes management of all affairs in the public arena that encourages individual citizen and society to raise their capabilities and provide opportunities. The Government is the small but strongest part of society organized to ensure safety and security of citizens and also provide equal opportunity for equitable distribution of wealth of the nation. Clinton-Gore Report "From Red Tape to Results" highlighted 'Creating a Government that works better and costs less'.The State is responsible for economic, legal and political development of people. It regulates Markets that provide opportunities.The civil society mobilises public opinion for participation of people in the affairs of Governance.

Indian Railways under The Government of India is the 'empire within empire' having its own Budgetary process parallel to the Central Government. IR has wide presence in the nook and corner of the country. It is the lifeline of Indian economy. It is the highest employer of citizens of the country. IR runs about 13000 trains daily moving 23 million passengers connecting 800 stations by 65000 route KM rail network. IR hauls about 1008 million Tons of Goods traffic. It contributes to about 1% to national GDP despite stressed operations and under- investment. It, however, pays its own wage bill and regularly pays dividend to GOI. Shri Narendra Modi, the Prime Minister of India has identified Railways as a thrust area of development as 'IR has a deep network, if tapped judiciously, can create substantial improvement in the hinterland'.The governance

इसीलिए भारतीय रेल के शासन का भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में अत्यन्त महत्व है।

भारतीय रेल 7 उत्पादन इकाइयों (डीएलडब्ल्यू, डीएमडब्ल्यू, सीएलडब्ल्यू, आईसीएफ, आरसीएफ, आरबीएल, आरडब्ल्यूएफ) एवं कोर (विद्युतीकरण के लिए), रेलटेल तथा आईआरपीएमई (सिगनलिंग एवं टेलीकॉम परियोजनाएँ) जैसी परियोजना इकाइयों सहित 16 क्षेत्रीय मुख्यालयों के माध्यम से परिचालन कर रहा है। नीति और समन्वय के लिए इसका प्रमुख रेल बोर्ड है जो 70 मंडलों के माध्यम से देश भर में लम्बी दूरी की परिवहन सेवाएँ देने के लिए सुसंगठित है। हालांकि यात्री और माल भाड़ा दोनों की बढ़ती मांग और फंड की कमी के कारण आगे का पथ विषम है। उदाहनार्थ, एक स्टील प्लांट के उत्पादन में प्रत्येक टन की वृद्धि के लिए रेल की माल ढुलाई में 4.65 टन की वृद्धि होती है। इसके अलावा अर्थव्यवस्था में खनिज, कोयला, उर्वरक एवं खाद्यान्न की बढ़ती मांग के कारण क्षमता की कमी का दायरा और बढ़ा है। समाज की आकांक्षाओं और अर्थव्यवस्था की उम्मीदों की पूर्ति करने के लिए भारतीय रेल को जीवंत बनाने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

बहरहाल, केवल धन उपलब्ध कराने से इस उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी। समय और लागत सीमा के अन्दर परियोजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति के लिए संसाधनों का प्रबंधन तथा आपूर्ति श्रृंखला में लीकेज एवं बर्बादी को रोकना प्रमुख चिंता है। यद्यपि ट्रेन परिचालन का प्रबंधन, परिसम्पत्तियों का अनुरक्षण, परियोजनाओं का खाका बनाना, आपूर्ति श्रृंखला तथा लॉजिस्टिक्स एवं वित्त व कार्मिक जैसे संसाधनों का प्रबंधन भारतीय रेल के अधिकार क्षेत्र में है। लेकिन भारतीय रेल के इंटरफेस के दो स्तर हैं- बाह्य ग्राहक एवं व्यवसायिक संस्थाएं। इसका पहला इंटरफेस ट्रेनों के यात्रियों के साथ है जो इसके ग्राहक हैं तथा जिसे आर-2 सी इंटरफेस कहा जाता है। दूसरी श्रेणी का इंटरफेस रेल एवं उन व्यवसायिक समुदायों के बीच है जो सामग्रियों की आपूर्ति कर निर्माण कार्यों के अलावा विभिन्न कार्य एवं सेवाएं मुहैया कराते हैं। तकनीकी प्रकृति के इन निर्माण कार्यों यथा लीजिंग, हायरिंग, क्लीनिंग एवं साफ-सफाई सेवाओं को आर-2 बी इंटरफेस के रूप में रखा जा सकता है। संविदाओं (लगभग रु. 50,000/- करोड़) के माध्यम से रेल के द्वारा क्रय से परामर्शी सेवाओं सहित सामग्री, निर्माण कार्य एवं सेवाएँ उपलब्ध कराने में विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक समुदायों के लिए पर्याप्त व्यवसाय के अवसर प्राप्त होते हैं। परिचालन और

of Indian Railway, therefore, gains paramount importance for development of the backbone of Indian economy.

Though Indian Railways (IR) has been operating through 16 zonal headquarters, supported by seven production Units (DLW, DMW,CLW,ICF,RCF,RBL,RWF) & project Units like CORE (for Electrification) and Rail Tel and IRPMU (for Signaling & Telecom Projects). For policy and coordination, it is headed by Railway Board and is well organised to deliver the long distance upcountry transportation services through 70 Divisions. However, owing to growing demand of both passenger and freight traffic and scarcity of funds, there is bumpy path ahead. For example, incremental increase of one Ton production capacity of Steel plant, the demand of Rail freight (for supply of raw materials and movement of finished goods) is increased by 4.65Tons. Besides, requirement of economy for movement of minerals, coal, fertilizers and grains etc. the demand has been growing in terms of volume widening the capacity constraints. In order to make IR vibrant to meet aspirations of society and expectations of Indian economy, large investment is required for which Govt is committed.

However, money alone may not serve the purpose.The management of resources to meet targets of projects within time and cost limits and prevention of leakage and wastages in supply chain are major concerns. Whereas management of train operations maintenance of assets, project planning, supply chain & logistics, and that of resources like Finance and personnel are within IR's own domain, there are two levels of interface of IR with external customers and business entities. First interface of IR is with passengers of trains as customers of services (Rail to customers) being called as R2C interface.The second category of interface is between Railway and Business communities who supplies materials,and provide various works and services including

संरक्षा संबंधी आवश्यकताओं की प्राप्ति के लिए तथा परियोजनाओं के परिचालन में लागत और समय पर नियंत्रण करना भारतीय रेल की सबसे बड़ी चुनौती है। लीकेज तथा गैर जरूरी व्यय पर रोक के लिए सुशासन आवश्यक है। आर–2 सी अधिकार क्षेत्र में जनशिकायतों का निवारण एवं आर–2 बी अधिकार क्षेत्र में विवाद का समाधान, सुशासन के लिए आवश्यक है। इसीलिए सुशासन के लिए निम्नलिखित रणनीतियों को बनाने की जरूरत है–

(क) नीतिगत ढाँचे का निर्माण : अधिकांश रेल कर्मचारी कानून के प्रति निष्ठा रखने वाले नागरिक होते हैं। साफ तथा सुस्पष्ट नीतियों एवं अनुदेशों के होने से वे इनका काफी हद तक अनुपालन करना चाहेंगे। हठीले, डिफॉल्टर और काम से जी चुरानेवाले बहुत कम होते हैं। इसीलिए वरीयता के आधार पर सही एवं स्पष्ट नीतिगत ढाँचे जारी करने पर बल देना अनिवार्य है। प्रत्येक विभाग में विभिन्न कार्यों के लिए विद्यमान संचालन नियमावली एवं संहिताओं के बावजूद काफी संख्या में अनुपालन के लिए निर्देश जारी किए जा रहे हैं। यद्यपि बजट का बड़ा भाग गुड्स, निर्माण–कार्य एवं सेवाओं पर खर्च किया जाता है फिर भी, इन कोडों (संहिताओं) को निर्माण कार्य की संविदा के लिए निर्माण–कार्य परिभाषित करना बाकी है। इसके परिणामस्वरूप एक ही सामग्री भंडार और निर्माण कार्य संविदाओं के माध्यम से खरीदी जाती है जिससे रेल को अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता है। भारत सरकार को व्यवसाय नियम, 1961 (अगस्त, 1994 से पहले क्रय नीति निर्धारण के लिए पूर्ति विभाग नोडल विभाग था) के तहत सार्वजनिक क्रय हेतु, नीति बनाने के लिए किसी स्वतंत्र संगठन की घोषणा करनी है जिसके अभाव में विभिन्न मंत्रालय अभी क्षेत्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए क्रय नीतियों का निर्धारण कर रहे हैं। एमएसएमई, डीईआईटी, फार्मेसी आदि विभागों ने अपनी आवश्यकताओं हेतु क्रय के लिए बिना संबद्ध मंत्रालयों से परामर्श किये क्रय नीतियाँ निर्धारित कर ली हैं। कभी–कभी इन नीतियों में किये गये प्रावधान न केवल एक दूसरे का उल्लंघन करते हैं, बल्कि क्रय कमियों में भ्रम पैदा करते हैं। किसी अन्य विभाग द्वारा जारी की गयी ऐसी किसी भी नीति की रेल बोर्ड द्वारा रेल के हित को ध्यान में रखते हुए रेलवे कर्मियों को समुचित दिशा–निर्देश हेतु जारी करने की आवश्यकता है।

construction works. These works of technical nature and services of leasing, hiring, cleaning and sanitation services may be referred as R2B interface. Railways' procurement through contracts (about Rs.50000 cr) provides substantial business opportunity for different types of Business communities in providing materials, works and services including consulting services.

Meeting of operational and safety requirements,and controlling cost and time over-run of projects are the biggest challenge for IR. Good governance also calls for prevention of leakage and wasteful expenditure. Redressal of public grievance in R2C domain and dispute resolution in R2B domain are required to be addressed for good governance. It is, therefore, necessary to devise following strategies for good governance.

a) Design of policy frame work : Most of Railway employees are law abiding citizens. Provided with clear and unambiguous policies and instructions, they will like to follow them to the maximum extent possible. Wilful Defaulters and truants are very few. It is, therefore, imperative to address the issue of proper and clear policy framework on priority. Inspite of working manual and Codes existing for different functions in each department, ample number of instructions are being issued for compliance. Though major part of budget is spent on Goods, Works and Services, these codes have yet to define "works "for the purpose of entering into contracts. This results into same goods procured through different routes of Stores and works contracts causing significant extra cost to Railways. Government of India is yet to declare any independent organization under Allocation of Business Rules, 1961(earlier Deptt of Supply was nodal for policy of procurement prior to Aug.1994) for framing policy for Public Procurement pending which different Ministries are now issuing procurement policies to promote sectoral interests. The policies issued by MSME, DeIT, and Deptt of Pharmacy etc have done so without consulting stake holding ministries responsible for procurement for their requirements. Sometimes provisions of these policies not only contravene each other but also create confusion to procurement professionals. Any such policies brought out by any other Depts. need to be examined by Railway Board with considered and holistic decision in the interest of Railways for issue of suitable guidelines to Railway personnel's.

(ख) प्रक्रियाओं का मानकीकरण: यद्यपि रेलवे की अधिकतर व्यय राशि आउटसोर्सिंग संविदाओं के माध्यम से खर्च होती है फिर भी, विभिन्न जोनों के बोली दस्तावेज मानकीकृत नहीं हैं। इसमें सामंजस्य बिठाने की जरुरत है। भंडार संविदाओं को आईआरएस मानक शर्तों तथा निर्माण संविदाओं को सामान्य संविदा शर्तों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। सेवा संविदाओं के शर्तों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है। इसके अभाव में सफाई, स्वास्थ्य, रक्षा, खानपान सेवाओं की संविदाएं निमार्ण कार्य की संविदा शर्तों के आधार पर निर्णीत कर दी जाती है। सिविल इंजीनियरी निर्माण कार्यों के लिए बड़े मूल्य की टर्नकी संविदाओं का निर्धारण रेल बोर्ड द्वारा जारी सामान्य संविदा शर्तों (जीसीसी) के आधार पर कर दी जाती हैं जो इन्कोटर्म्स द्वारा नियंत्रित आयातित प्रकृति के मल्टी-करेंसी संविदा शर्तों को संज्ञान में नहीं लेती है। अतएव, यह भारतीय रेल पर निर्भर करता है कि सभी जोनल रेलों पर एकरूपता से लागू किये जाने के लिए सामग्रियों, विभिन्न प्रकृति के निर्माणकार्य और सेवाओं के लिए बोली दस्तावेज को मानक स्वरूप प्रदान करें।

(ग) निष्पादन की स्वतंत्र निगरानी: यद्यपि प्रत्येक विभाग परिचालन के निष्पादन की अलग से समीक्षा कर रहा है तथापि बड़े मूल्य की/महत्वपूर्ण परियोजनाओं के निष्पादन की निगरानी रेल बोर्ड में शीर्ष स्तर पर मल्टी डिसिप्लीन टॉस्क फोर्स (क्रिटिकल) के साथ किसी स्वतंत्र इकाई द्वारा की जानी चाहिए। नीतियों के अनुपालन पर निगरानी किया जाना अपेक्षित है परंतु विपथन, विचलन और विलंब की भी आईटी आधारित निगरानी की आवश्यकता है। एक निश्चित सीमा रेखा के बाद आउटसोर्सड् संविदाओं के मूल्य, गुणवत्ता और समय-सीमा की स्वतंत्र निगरानी शीर्ष स्तर पर अपेक्षित है जो अर्थव्यवस्था और सेवाओं की प्रभावकारिता को बनाये रखने में काफी मददगार साबित होगी।

(घ) निवारक सतर्कता: सरकारी निर्माण-कार्य में भ्रष्टाचार सरकार और समाज के लिए चिंता का प्रमुख क्षेत्र है। भ्रष्टाचार दो प्रकार के हो सकते हैं:-

i) आवश्यकता आधारित भ्रष्टाचार: यह अधिकांशत: आर 2 सी अधिकार-क्षेत्र में होता है जहाँ रेल को क्षमता की कमी के बावजूद उपभोक्ताओं को संतोषप्रद सेवाएं मुहैया करानी है।

b) Standardization of processes: Though major expenditure of Railways goes through outsourcing contracts, the Bidding Documents of different zones are not standardized. They need to be harmonized. Stores Contracts are governed by IRS standard conditions and construction Contracts are governed by General Conditions of contracts. The conditions of service contracts are yet to be finalized. In absence of this, contracts of cleaning, sanitations, catering services are concluded with conditions based on works contracts. The procurement of large value Turnkey contracts are being made with GCC issued by Railway Board for civil engineering construction works, which do not take care of nature of multi- currency contracts of imported nature governed by INCOTERMS. Hence it is incumbent on IR to standardize the Bidding Documents for Goods, Works and Services of different nature to be uniformly applied in all zonal Railways.

c) Independent Performance Monitoring:Though each dept has been reviewing performance of operations separately, the monitoring of performance of high value/critical projects should be done by independent units with multi discipline task force at the apex level in Railway Board. Compliance of policies is required to be watched, but also IT based monitoring of aberrations, deviations and delay need to be seen closely. An independent monitoring of Price, Quality and Time cycle of outsourced contracts beyond certain threshold is required at the apex level which will go in a long way in maintaining economy and effectiveness of the services.

d) PreventiveVigilance: Corruption in public works is a major area of concern for Govt as well as civil society. The corruption may be of 2 types-

i) Need based corruption-This happens more in R2C domain where Railway has to face customers of services due to need of consumers and lack of capacity of Rlys to provide satisfactory services due to constrains of capacity. The quantum and monetary value may be small but it has adverse effect on the Image of Railways in public.

ii) लालच आधारित भ्रष्टाचार:- यह अधिकाशंत: आर 2 बी अधिकार क्षेत्र होता है और इसमें भ्रष्टाचार के बड़े मामले शामिल होते हैं। इसके कारण लागत और सेवाओं की गुणवत्ता पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण रखने के लिए कानून और विनियम पर्याप्त नहीं है। भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम और आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) काफी समय से मौजूद रहे हैं। हाल ही में लाये गए आरटीआई एक्ट और व्हिसिल ब्लोअर एक्ट का हठीले डिफॉल्टर की कठोर आदतों और विकृत मनोवृत्ति के चलते भ्रष्टाचार नियंत्रण पर काफी कम प्रभाव पड़ा है।

यूएन कन्वेंशन (1996) का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में जागरूकता बढ़ाकर भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना था। हाल ही में, समाज के सक्रियतावादी पहल ने भी भ्रष्टाचार के निवारक का कार्य किया है। निविदाओं तथा संविदाओं की नियमित समीक्षा और विश्लेषण कर भ्रष्टाचार निवारक उपाय किये जा सकते हैं।

भंडार निविदाओं में शुरू की गयी इलेक्ट्रॉनिक टेंडर प्रक्रिया और ई-नीलामी से विवेकाधिकार की गुंजाईश कम हुई है। प्रोक्यूरमेंट सिस्टम का विस्तार केवल ई-टेंडरिंग में ही नहीं अपितु निर्माण-कार्य और सेवा संविदाओं के क्षेत्र में भी अपेक्षित है क्योंकि पारदर्शिता-प्रोत्साहन में लेवरेजिंग टेक्नोलॉजी का दूरगामी प्रभाव रहा है।

बर्लिन का एक संगठन 'ट्रांसपेरेंसी-इंटरनेशनल' ग्राउंड स्तर पर सर्वे करने के बाद विभिन्न देशों की भ्रष्टाचार संबंधी सूची प्रकाशित करता है। इस सूची में विश्व के 175 देशों में भारत का 85वाँ स्थान है। इस संस्था ने भारत सरकार की कई सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों के साथ सत्यनिष्ठा समझौता को शामिल करने के लिए समझौता ज्ञापन तय किया है। वर्ष 2005 में ओएनजीसी के शुरुआत करने के बाद सेल तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों तथा निजी क्षेत्र में सीमेन्स ने भी इसकी शुरुआत की। मुख्य सतर्कता आयुक्त ने उच्च मूल्य की निविदाओं में सत्यनिष्ठा समझौता शामिल करने के लिए परामर्श जारी किया है। वित्त मंत्रालय ने भी बोली दस्तावेज में शामिल किये जाने के लिए एक ड्राफ्ट सत्यनिष्ठा समझौता परिचालित किया है। यह रेलवे के लिए परामर्शयोग्य हो सकता है कि एक सीमा के बाद रु. 10 करोड़ के मूल्य वाले रेल निविदाओं के लिए सीवीसी द्वारा अनुशंसित और रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित आईईएम (इंडिपेंडेंट एक्सटरनल मॉनिटर) को शामिल कर अपने बोली दस्तावेज में सत्यनिष्ठा समझौता को शामिल करें। इससे किसी भी स्तर पर अथवा किसी

ii) Greed based corruption- This happens more in R2B domain and involves big ticket cases. This has wider implication on cost and Quality of services.

Laws and Regulations are not adequate to curb corruption. Prevention of corruption Act and IPC have been in place for long. RTI Act and Whistle Blower Act which have been newly introduced have very marginal effect on curbing corruption because of hard habits and perverted attitudes of wilful defaulters.

UN Convention (1996) was dedicated for Prevention of corruption by involving all sections of society to raise public awareness. Of late, activist like approach of civil society has also created deterrent for corruption. Prevention measures can be taken by regular review and analysis of Tenders and Contracts. Electronic Tendering and e Auction introduced in Stores Tenders have reduced discretions in substantial ways. The procurementsystem not only need to be extended beyond e. tendering but is also required in the areas of works and service contracts, as Leveraging Technology has long term effect in encouraging transparency.

Berlin based organization, Transparency International annually publishes the Corruption perception Index (CPI) of different countries after survey at ground. Out of 175 countries the of world, India falls at 85thposition in CPI.TI has concluded MOU with many PSUs of GOI for including Integrity Pact(IP) .ONGC was first to start in 2005 followed by SAIL and other PSUs Siemens have are first to follow in Pvt Sector. CVC has issued advisory for including Integrity Pact in high value Tenders. Ministry of Finance has also circulated a draft IP to be incorporated in the Bidding Documents. It may be advisable for Railways to include IP in their Bidding Documents involving IEMs (Independent External Monitors) recommended by CVC and approved by Railway Board for Railways Tenders beyond the threshold, value of Rs.10 crore.This will create

भी विभाग में क्रय में शामिल व्यक्तियों में विश्वास पैदा होगा और व्यवसाय समुदाय में विश्वास में बढ़ोत्तरी होगी।

(ङ) शिकायत निवारण प्रणाली:- आर 2 सी तथा आर 2 बी में शिकायतों के स्वत: निवारण की क्रियाविधि, जो कि प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा अनुशंसित है, को रेल की छवि सुधारने के लिए प्रतिष्ठापित करने की आवश्यकता है। सिटिजन चार्टर कन्सेप्ट को अभी भी रेल में शामिल किया जाना है। निविदा प्रक्रिया में विरोध और चुनौती के तरीके एवं संविदाओं के निर्धारण के पश्चात् असफल बोलीदाताओं की डीब्रिफिंग मानक पद्धतियाँ हैं, जिनका पालन अंतरराष्ट्रीय बोली में किया जाता है। प्रस्तावित सरकारी क्रय विधेयक 2012 जिसे अभी संसद द्वारा पारित किया जाना है, के द्वारा विधेयक में स्पष्ट रूप से ऐसा प्रावधान किया गया था।

(च) प्रशिक्षण एवं जागरूकता:- लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना बहुत कठिन कार्य है। कार्मिकों की मानसिकता और रेलों की कार्य संस्कृति को बदलना आसान नहीं है। सूक्ष्य कौशल तथा कार्यक्षेत्र की जानकारी दोनों ही क्षेत्रों में रेलकमियों की क्षमता को बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी भी संगठन की कार्य संस्कृति वैसे ही रातोंरात नहीं बदल सकती जैसे रोम का निर्माण एक दिन में नहीं हो गया था। आधारभूत सहयोग और सही प्रशिक्षण के बिना निचले स्तर पर शक्ति के हस्तांरण से इच्छित/वांछित परिणाम नहीं मिल सकता। रेल के मिशन और दृष्टि के साथ उसे समकालिक बनाने के लिए व्यक्तिगत विश्वास और सोच को बदलने की जरूरत है। संगठनात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य को निर्दिष्ट करना आवश्यक है। उपयुक्त प्रशिक्षण द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नेतृत्व को विकसित करना होगा ताकि सही ट्रैक पर रेलों को ले जाने की प्रवृत्ति, जानकारी व कौशल को बढ़ाया जा सके।

सारांश में, प्रक्रियाओं का अनुपालन, विनियमन तथा कार्यों के पर्यवेक्षण के द्वारा रेल को बदलने के लिए दूरगामी रणनीतियों की आवश्यकता है। स्वतंत्र नीतिगत ढांचे, निष्पादन-मूल्यांकन और शिकायत निवारक प्रणाली के लिए संस्थानों को नामित कर भ्रष्टाचार को कम किया जा सकता है। विश्वास, चिंतन प्रक्रिया, कार्य पर प्रभाव डालने के लिए सूचना व आधारभूत सहयोग और नियमित प्रशिक्षण के द्वारा कर्मचारियों को साक्त करने से रेल को सुशासन के पथ पर चलाने में काफी मदद मिलेगी।

confidence in persons involved in procurement at any stage or in any department and will further build trust in Business communities.

e) Grievance Redressal System:As also recommended by Administrative Reform Commission,for all Government Departments, the mechanism for independent redressal of grievances both in R2C and R2B spaces need to be institutionalized so as to build image of Railways. The Citizen Charter concept is also yet to penetrate deep in Railways. Protest and Challenge mechanism in Tendering process and Debriefing of unsuccessful Bidders after award of contracts are standard practices followed in international Bidding. The proposed Public Procurement Bill 2012, which is yet to be passed by Parliament had clearly made such provision in the Bill. Such concepts should, however, be started in procurement system so as to attract trust of Bidding communities.

f) Training and Awareness: Behavioral changes in people is very difficult task. The mind set of personnel and the working culture of Railways are hard to be transformed. The capacity building of Railway personnel both in soft skill and domain knowledge needs special focus. As Rome was not built in a day, the working culture of any organization cannot change overnight. External pressures and irrational whims influence the actions of Decision makers. Devolution of power at lower level without infrastructure support and proper trainings may not yield desired results. Individual Belief and thinking require transformation to synchronize with the mission and vision of Railways. Action has to be directed to the organizational goal and leadership is to be developed to take control of situation by appropriate training to enhance knowledge, skill sets and attitude for keeping Railways on right track.

To sum up, long term strategies are required for transforming Railways by setting up mechanism for compliance, regulations, and proper oversight of functions. Corruptions can be minimized by designating institutions for independent policy framework, performance evaluation and Grievance redressed system. Empowering employees by infra and info structure support and regular training programmer for influencing belief, thinking process and action will go a long way in Railways on the path of good governance.

निवारक जाँच - सुशासन का एक साधन

- हरानन्द
मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब

करीब सौ साल पहले, मैक्स वेवर ने कहा था- ''औचित्य स्थापन व बुद्धिपूर्ण व्याख्या तथा इससे भी कहीं बढ़कर सांसारिक मोहभंग से हमारे वर्तमान समय की नियति चित्रित होती है। वास्तव में, तर्क और प्रश्न तब आनुषंगिक होते है, जब लोग (हमारे मामलें में - ग्राहक) वैधानिक अधिनियमों (हमारे मामलों में - उपभोक्ता संरक्षण और सूचना का अधिकार अधिनियम), सक्रिय मीडिया, सामाजिक मीडिया तथा सूचना प्रौद्योगिकी के अन्य शक्तिशाली संचार उपकरणों के माध्यम से सशक्त बनते हैं। सामंती बाधाएँ टूटती हैं और अनुक्रियाशीलता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा के नये युग का उन्मेष होता है।

एक लोकतांत्रिक सरकार जिसका लक्ष्य सुशासन है, उसे सब के लिए स्वतंत्रता और न्याय, पारदर्शिता, समान अवसर, विधि-नियम और इसकी प्रतिपादन प्रणाली के प्रभावी परिचालन आदि को सुनिश्चित करना होगा।

एक वृहद् विषमरूपीय भारतीय नौकरशाही जो उपर्युक्त लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है, वह उन सभी प्रकार के बुद्धि-केन्द्र का एक समृद्ध भंडार है जो वर्तमान उपभोक्तावादी और पूँजीवादी समाज में विद्यमान है। इनमें से कुछ निष्ठावान और समर्पित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी हैं जिन्हें नवधनाढ्य बनने की कोई लालसा नहीं है जबकि दूसरी ओर बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो लालची हैं और अपने तुच्छ धन संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यवस्था का शोषण करने पर आतुर हैं।

स्पष्टत:, व्यक्तियों का एक बड़ा समूह नियमों और विनियमों - एक संहिता जो निर्धारित पैरामीटर के अंतर्गत कार्यक्षेत्र को रूपरेखा प्रदान करता है, उसके तहत काम करता है। इस प्रकार की पृष्ठभूमि के बावजूद निवारक जाँच करने बाली एजेंसियों की भूमिका प्रशासनिक अनिवार्यता हो जाती है। कहने की आवश्यकता नहीं कि निवारक जाँच भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का एक प्रभावी साधन है।

वर्षों पुरानी कहावत- 'इलाज से परहेज अच्छा' की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं है। प्रतिपादन प्रणाली के सभी जगहों पर नियमित और बारम्बार जाँच से नीतियों एवं परिभाषित लक्ष्य के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी

Preventive check as a tool of good governance

- Harananda
Chief Security Commissioner/RPF

More than hundred years ago, Max Weber had said - "The fate of our times is characterized by rationalization and intellectualization and, above all, by the disenchantment of the world." Actually, reasoning and questioning go together when the public (customers in our case) get empowered through a string of legal enactments (in our case - the Consumer Protection and the Right to Information Act), proactive media, social media and other powerful communication tools of Information Technology. The feudal barriers are broken - the new era of responsiveness, accountability and probity dawns.

A democratic government which aims at good governance has to ensure liberty and justice for all, transparency, equal opportunities, Rule of law and effective functioning of its delivery mechanisms - to name a few.

A large heterogeneous Indian bureaucracy which exists to implement the above mentioned goals is a rich reservoir of all types of brains which exist in the present consumerist and capitalist society. - some are sincere and dedicated, fair and transparent with no lust of becoming a nouveauriche while on the other end of the spectrum are a large number of greedy men eager to exploit the system for their petty pecuniary goals.

Obviously, such a broad-spectrum large group of persons work within framework of rules and regulations - a code which outlines the areas of functioning within laid down parameters. It is against such a backdrop that the role of agencies that have to conduct preventive checks becomes an administrative imperative. Needless to say that prevention is an effective tool to check corruption.

The age old maxim that "prevention is better than cure" needs no elaboration. Regular and frequent checks at all the points of delivery mechanisms will always yield a good harvest of speedy,

क्रियान्वयन से अवश्य ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। यह अन्तर्निहित अनुशासन की आधारशिला प्रदान करता है। अनुशासन को इस प्रकार परिभाषित किया गया है:-

''हितार्थे शासनम् इति अनुशासनम्'' जिसका अभिप्राय है - अनुशासन कल्याण के लिए शासन है।

हमारी तरह के किसी भी सेवा संगठन में ऊर्ध्व और क्षैतिज - दोनों स्तर पर निवारक जाँच हेतु क्रिया-विधि निर्धारित की गयी है। यह सुनिश्चित करना प्रत्येक रेलकर्मी का कर्त्तव्य है कि आँख और कान खुले रखें- आखिरकार, सनातन सतर्कता ही स्वतंत्रता का मूल्य है।

हमारे पूर्वज 'सर्वेभवन्तु सुखिन:' की बात करते थे जो तबतक संभव नहीं है जबतक हर व्यक्ति हाथ से हाथ मिलाकर यह सुनिश्चित न कर ले कि सुशासन का लाभ आम आदमी तक पहुँचे।

हम सभी जेफ्रि जकर का यह कथन सदैव याद रखें कि- ''वैसे लोग और संस्थान जो अंत में त्रुटियों को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, स्वयं को ही अवमानित करते हैं।''

रामलीला

- **हरानन्द**, मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेसुब

रामलीला मैदान में
दशानन का जब वध हुआ
भारी भीड़ के साथ
सभी झूमे
मैं भी था.
फिर रात गहरायी
पसरा सन्नाटा
मेरे अन्त:पुर का
रावण जागा-
दसों दिशाओं में
फैल गये इच्छाओं के विषधर,
कांपा अधर,
कुछ भी नहीं बदला.
वही तामसी अंधेरा-

दूर तक
नाकाम हो गयीं
सारी कोशिशें
देवत्व को पाने की.
जिजीविषा
वन फूलों में भटकती रही.
काश ! तोड़ पाता मैं
यह लौह कारा -
निर्बाध
निर्द्वंद्व
निर्विघ्न
जीता मैं।

fair and effective implementation of policies and defined goals. It lays the foundation of an inbuilt discipline. "Discipline" or "Anushashan" has been defined as :-

"Hitarthe Shashanam Iti Anunshashanam" which means "discipline is governing for welfare."

In any service organisation like ours, mechanisms have been laid down for preventive checks at all levels - vertical and horizontal. It is the duty of every railway-man to ensure that eyes and ears are open - after all, eternal vigilance is the price of liberty.

Our ancestors talked of "Sarve Bhavantu Sukhinah" which is not possible unless everyone joins hands to ensure that the benefits of good governance reach the Common Man.

Let us always remember what Jeffrey Jucker had said- "People and institutions that refuse to admit error eventually discredit themselves."

If a county is to be corruption free and become a nation of beautiful minds, I strongly feel there are three key societal members who can make a difference. They are the father, the mother and the teacher.

- Dr. A.P.J. Abdul Kalam

फील्ड यूनिट के द्वारा भंडार सामग्रियों का संचालन व संबंधित अभिलेख का रख-रखाव

- महेश कुमार
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/भंडार

सतर्कता अन्वेषण के दौरान यह पाया गया है कि भंडार सामग्रियों का संचालन करने वाले फील्ड यूनिट कर्मियों द्वारा नए व निर्मुक्त भंडार की प्राप्ति, लेखाकरण एवं निर्गम के लिए सही पद्धति नहीं अपनाई जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में संबंधित अभिलेख का भी सही ढंग से रख-रखाव नहीं किया जाता है। मंडल के अधिकारियों द्वारा खंडशः निर्देश जारी किए गए हैं जो एक मंडल के विभिन्न विभागों तथा विभिन्न मंडलों में समरूप नहीं है।

अन्वेषण के दौरान यह पाया गया है कि हालिया समय में कार्यकारी अधिकारियों, विशेष कर विद्युत तथा दूरसंचार व संकेत विभाग के द्वारा अनुरक्षण व कार्यसंविदा के तहत प्राप्त नई सामग्रियों व निर्मुक्त भंडार के लिए मंडल मुख्यालय में केन्द्रीकृत भंडार के संचालन पर जोर दिया जाता रहा है। केन्द्रीकृत भंडार के कर्मियों व अन्य अधीनस्थों जो नई भंडार सामग्रियाँ प्राप्त करते हैं तथा निर्मुक्त सामग्रियाँ केन्द्रीकृत भंडार को भेजते हैं, उनके मध्य भंडार सामग्रियों के लेन-देन की प्रक्रिया तथा इससे संबंधित अभिलेखों के रख-रखाव के संबंध में स्पष्टता का अभाव है।

अलग-अलग समय पर उपरोक्त विषय को विभिन्न विभागाध्यक्षों के समक्ष उठाया गया है। कुछेक अवसरों पर विभाग के द्वारा यह सूचित किया गया है कि केन्द्रीकृत भंडार संचालक को छोड़कर मेक-शिफ्ट भंडार संचालकों द्वारा भंडार सामग्रियों का विशुद्ध आकलन नहीं रखा जाता है। सतर्कता अन्वेषण के क्रम में क्षेत्र इकाई (फील्ड यूनिट) द्वारा भंडार के अदान-प्रदान का लेजर/अभिलेख नहीं रखने, कार्य निविदा के तहत प्राप्त सामग्रियों को केन्द्रीयकृत भंडार द्वारा संबंधित अधीनस्थ यूनिट को वर्षों तक नहीं भेजने, संवेदक को लोन पर बिना कॉन्ट्रेक्ट में प्रावधान के सामग्रियाँ निर्गत करने तथा निर्गत सामग्री के लिए राजस्व का न वसूला जाना, स्थानान्तरण पर भंडार का प्रभार नहीं देने एवं नए पदग्राही के द्वारा बिना भंडार का प्रभार लिए भंडार का संचालन प्रारंभ करने आदि के तथ्य संज्ञान में आये हैं। ये अनियमितताएँ रेलवे सामग्रियों के गबन में सहायक कारक हो सकती हैं।

इसलिए यह आवश्यक है कि नए एवं निर्मुक्त भंडार सामग्रियों की प्राप्ति, लेखाकरण एवं उनके निर्गम के लिए तथा इससे संबंधित अभिलेख के रख-रखाव

Handling of stores and maintenance of records thereof by field units

- Mahesh Kumar
Dy. Chief Vigilance Officer/S

During course of vigilance investigations, it has been observed that subordinates holding stores in field units do not follow correct procedures for receipt, accountal and issue of new as well as released stores. Records are also not maintained properly in this regard. Piecemeal instructions have been issued by divisional executives which are not uniform within the division among various departments and across the divisions.

It has been observed during investigations that in recent times stress has been laid by executive departments especially Electrical and S&T to maintain centralized stores at divisional headquarters for new materials meant for maintenance and works contract as well as released materials. There has been lack of clarity in the process of transaction of stores and maintenance of records there to among the subordinates of centralized stores and other subordinates drawing new materials and sending released materials to the centralized stores.

The above issue has been raised with PHODs at different point of time. On some occasion, it has been intimated by executive departments that very strict accountal of stores is not kept by subordinates of make-shift stores i.e. those other than the in-charges of centralized stores. Instances of not keeping any ledger/record for transaction of stores by field unit subordinates, non-dispatch of materials received against works contracts by the centralized stores to the concerned subordinate for years, issuing materials to contractors on loan without provision in contract & not realising revenue for issued material, not handing over the charge of stores on transfer and handling of stores by the new incumbent without taking charge of stores et al have been noted during vigilance investigations. These irregularities may act as contributory factors in misappropriation of railway material.

It is, therefore, necessary to adopt a uniform system for receipt, accountal and issue of stores and maintenance of record

के लिए समरूप प्रणाली अपनायी जाए। क्षेत्र इकाई (फील्ड यूनिट) के अधीनस्थों को भंडार सामग्रियों के संचालन तथा सही रूप से इस कार्य से संबंधित अभिलेख का रख-रखाव करने के प्रति सर्तक रहने के सुझाव दिए जाएँ। भंडार सामग्रियों के संचालन एवं संबंधित अभिलेखों के रख-रखाव के तौर-तरीके जो भंडारधारकों व अन्य संबंधित कर्मियों द्वारा अपनाए जाने हैं, इस लेख में नीचे विस्तृत रूप में दिए गए हैं।

1. डी.एम.टी.आर. का रख-रखाव -

क. अग्रदाय व अधिशेष भंडार सहित सभी सामग्रियों की प्राप्तियाँ एवं निर्गम मैटेरियल अकाउन्ट नोट बुक (संदर्भ: इन्जी कोड पारा ई 1416) या दैनिक सामग्री आदान-प्रदान पंजिका (डी.एम.टी.आर.) में प्रविष्ट किए जाएँ।

ख. दैनिक सामग्री आदान-प्रदान पंजिका (डी.एम.टी.आर.) हर प्रकार के भंडार के आदान-प्रदान का प्रथमतया आधारिक दस्तावेज है। भंडार मद के प्रत्येक आदान-प्रदान को निश्चित तौर पर डी.एम.टी.आर में क्रम सं. के साथ अंकित किया जाना चाहिए। प्राप्ति एवं निर्गम दोनों के लिए अलग-अलग क्रम सं. निरंतरता के साथ संधारित किए जाएँ।

निर्धारित प्रारूप में एक मुद्रित सजिल्द पंजिका का उपयोग डी.एम.टी.आर. के रूप में किया जाए जिसमें पर्याप्त समयावधि के लिए आदान-प्रदान का अभिलेख रखा जा सके। डी.एम.टी.आर. का प्रारूप भारतीय रेल सिंगनल मैनुअल-। की अनुसूची-एच के पारा 6.15.1 या फार्म ई-1416 के अनुरूप होना चाहिए।

ग. इकाई के कनीय वेतनमान अधिकारी के द्वारा डी.एम.टी.आर. पंजिका के प्रथम पृष्ठ पर पंजिका में उपलब्ध कुल पृष्ठों की संख्या का प्रमाण पत्र अंकित होना चाहिए।

घ. किसी भी तिथि के लेन-देन के अंत में प्राप्ति एवं निर्गम दोनों तरफ अंतिम प्रविष्टि के बाद एक रेखा खींची जानी चाहिए। उक्त तिथि को कम प्रविष्टि (प्राप्ति अथवा निर्गम तरफ) के लिए खाली स्थान को तिरछी रेखा खींचकर काट देना चाहिए। इस प्रकार, दूसरे दिन की प्राप्ति तथा निर्गम दोनों तरफ की प्रविष्टि पृष्ठों के समान स्तर से प्रारंभ की जा सकेगी।

ङ. डी.एम.टी.आर. की अविच्छिन्न प्रविष्टियों या किसी तिथि की अंतिम प्रविष्टि व स्टॉकधारक के हस्ताक्षर करने के बीच कोई खाली स्थान न रखा जाए। ऐसे खाली स्थान बाद की तिथियों में भंडार के लेन-देन में हेराफेरी करने के लिए प्रबल खतरा साबित हो सकते हैं। अगर भूलवश ऐसे खाली स्थान

thereof for new as well as released stores. Field unit subordinates are to be advised to remain vigilant and careful in handling the stores and maintaining records properly. Areas where special attention is to be paid by the Sr. Subordinates and other related officials handling stores and the manner in which the records are to be maintained are detailed below in this article.

1. Maintenance of DMTR -

a. All actual receipts and issues of stores including imprest and surplus stores should, in the first instance, be entered in Material Account Note Book (ref: Engg Code Para E 1416) or Daily Material Transaction Register (DMTR).

b. Daily Material Transaction Register (DMTR) is the first hand and basic record for any transaction of stores. Each and every transaction of stores must be entered in the DMTR with a Srl. No. Continuity of the Srl. No. should be maintained in the DMTR separately for "Receipt" and "Issue" side without any break.

A well-bound printed register as per standard format which can record transaction for a considerably long period should be used as DMTR. The format for DMTR may be as per annexure H of para 6.15.1 of Indian Railway Signal Manual - I or form E1416.

c. The first page of the DMTR should contain a certificate from the Junior Scale Officer of the unit indicating the total number of pages available in it.

d. At the end of transaction of a particular day, a line should be drawn after the last entry which may happen either on the receipt side or on the issue side or on both sides. The blank space in respect of smaller number of entries of that date should be scored off. This will enable the next day's entries being started from the same level of the page for both receipt & issue side.

e. No blank space should be kept between consecutive entries in the DMTR or between the day's last entry and Stock Holder's signature. Such blank spaces are potential danger for manipulation of stores transactions at a later date. In case any blank space is left out as mentioned above by mistake,

रह जाते हैं, तो तिरछी रेखा खींच कर खाली स्थान को काट दें।

च. डी.एम.टी.आर. में सामग्री के लेन-देन की दैनिक प्रविष्टि अंकित करने वाले वरीय प्रशाखा अभियंता/कनीय अभियंता/ भंडार लिपिक प्रत्येक तिथि की प्रविष्टि के अंत में अपना हस्ताक्षर/आद्याक्षर करें। उनके हस्ताक्षर/आद्याक्षर वरीय भंडारधारक के नामे किए जाएँ।

छ. जहाँ एक स्टॉकधारक का एक से अधिक स्टेशनों पर विभिन्न पर्यवेक्षकों के पास स्टॉक है तो ऐसे मामले में लाइन पर्यवेक्षकों को निर्गत (या उनसे प्राप्त) सामग्री की प्रविष्टि भी डी.एम.टी.आर. में की जाए।

2. लेजर का रख-रखाव -

क. दैनिक प्राप्ति, निर्गम एवं शेष भंडार का लेखा विवरण प्रारूप ई-1414 (संदर्भ- ईजी. कोड पारा ई 1414) में रखा जाए।

ख. डी.एम.टी.आर./एम.ए. नोट बुक से लेजर में प्रविष्टि जितनी जल्द संभव हो, लेकिन तीन दिनों से अधिक नहीं, कर ली जाए एवं डी.एम.टी.आर. में लेजर फोलियों का संदर्भ दर्शाया जाए।

ग. निर्धारित प्रारूप में एक मुद्रित सजिल्द पंजिका जिसमें पर्याप्त समयावधि के लिए सामग्रियों के आदान-प्रदान का अभिलेख रखा जा सके, का उपयोग लेजर के रूप में किया जाना चाहिए। लेजर के प्रथम पृष्ठ पर इकाई के कनीय वेतनमान अधिकारी द्वारा लेजर में उपलब्ध कुल पृष्ठों की संख्या अंकित कर सत्यापित करना चाहिए तथा दूसरा पृष्ठ विषय सूची के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए।

3. मेक-शिफ्ट स्टोर/ एक इकाई से दूसरी इकाई में भंडार सामग्रियों का लेन-देन -

क. एक इकाई से दूसरी इकाई/ मेक-शिफ्ट भंडार में सामग्रियों के आदान-प्रदान के संदर्भ में सामग्रियों के साथ चालान/रोड परमिट जारी करना प्रेषक की जिम्मेदारी होगी। यह आवश्यक होगा कि चालान पर साक्ष्यकर्त्ता का आद्याक्षर लिया जाए जिससे कि भविष्य में सामग्री के निर्गत करने के संबंध में कोई विरोधाभाष न उत्पन्न हो।

ख. प्रेषक की यह जबाबदेही भी होगी कि वह चालान का सत्यापन उचित समयावधि, सात दिनों से अधिक नहीं, के अंदर करा ले। यदि उपरोक्त अवधि में चालान सत्यापित नहीं होता है तो सामग्री निर्गत करनेवाले प्राधिकारी (प्रेषक) को सामग्री प्राप्त करनेवाले प्राधिकारी (परेषिती) से संपर्क करना चाहिए या चालान परेषिती से सत्यापित कराने के लिए विशेष दूत भेजना चाहिए।

the same should be diagonally scored off.

f. The SSE/JE/Store Clerk entering the transaction in the DMTR should initial the entries with date at the end of each day. His signature/initial may be under the signature/stamp of the Sr. Subordinates.

g. There may be cases of stock-holders having stocks with one or more Supervisors at other stations. In such cases the issues to the Supervisors (or receipts from them) should be entered in the DMTR.

2. Maintenance of Ledger -

a. Quantity accounts showing the daily receipts, issues and balances in the format E-1414 (ref: Engg Code Para 1414) may be maintained.

b. The entry from the DMTR/MA Note Book to the Ledger should be made as early as possible but not exceeding 3 days and the ledger folio reference should be indicated in the DMTR.

c. A well-bound printed register as per standard format which can record transaction for a considerably long period should be used as Ledger. The first page of the Ledger should contain a certificate from the Junior Scale Officer of the controlling unit indicating the total number of pages available in it. The next page should be used as "INDEX".

3. Transactions of stores to make shift stores / from one unit to another unit-

a. In respect of transactions of materials from one unit to another unit/to make shift stores, it will be the responsibility of the consignor Sr. Subordinate to issue Challans/Road Permit along with the materials issued to the consignee unit. It is necessary to have the initial of the witnessing personnel recorded in the challan to avoid any future dispute in respect of issue of the materials.

b. It will also be the responsibility of the consignor Sr. Subordinates to ensure that the challans are got verified from the Consignee unit within a reasonable period of time not exceeding 7 days. In case of challans not received as verified/accepted within this period, the material issuing authority should contact the consignee or send a special man to the consignee for getting the challan verified.

ग. परेषिती /माँगकर्ता प्राधिकारी भी, बदले में, उचित समय यथा 3 दिनों से अधिक नहीं, तक सामग्री के प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निर्गम प्राधिकारी से सम्पर्क करेगा ताकि गलत प्रेषण/सामग्री के गवन की किसी संभावना से बचा जा सके।

घ. जैसे ही चालान सत्यापित हो जाता है, इसे (चालान के सत्यापन का विवरण)/ लेजर में अंकित किया जाना चाहिए।

ङ. मंडल के शाखा अधिकारी के साथ वरीय अधीनस्थ कर्मियों की मासिक बैठक के दौरान असत्यापित चालानों का मिलान किया जाना चाहिए। उसी तरह अंतर-मंडलीय असत्यापित चालानों का मिलान शाखा अधिकारी के स्तर से संबंधित मंडल के साथ एक विशिष्ट अवधि में किया जाना चाहिए।

च. चालान/इश्यू नोट मुख्य स्टॉक धारक के द्वारा ही जारी किए जाएँ न कि लाइन डी.एम.टी.आर. मेन्टेन करनेवाले/मेक शिफ्ट भंडार के पर्यवेक्षक के द्वारा।

4. रिलीज्ड सामग्रियों की खाता बही-

एक इकाई में 'Universal 110V AC/DC LED Shunt Signal' की खरीद की निवारक जाँच के दौरान पाया गया कि इस मद की खरीद आरडीएसओ के स्पेसीफिकेशन के अनुरूप आरडीएसओ के द्वारा अनुमोदित स्त्रोतों से ही की जानी थी लेकिन, मद की खरीद हेतु माँगकर्ता इकाई द्वारा माँगपत्र के साथ संभावित आपूर्तिकर्त्ता के रूप में तीन स्थानीय फर्मों के नाम का प्रस्ताव भेजा गया जो न तो आरडीएसओ द्वारा समान मद के लिए अनुमोदित फर्मों की सूची में थे न ही ऐसे फर्मों के अधिकृत विक्रेता थे। मद को क्रय करनेवाली मंडल इकाई ने टेंडर इन्क्वायरी जारी करते समय उक्त तीन फर्मों के अलावा एक और स्थानीय फर्म को टेंडर इन्क्वायरी जारी किया और यह फर्म भी आरडीएसओ द्वारा उक्त मद हेतु अनुमोदित नहीं था। टेंडर इन्क्वायरी में प्राप्त न्यूनतम प्रस्ताव जो फर्म 'ए' का था, के पक्ष में तकनीकी अनुशंसा एवं दर की उपयुक्तता प्रमाणित करने के उपरांत क्रयादेश जारी किया गया परन्तु इसके पूर्व फर्म से यह सम्पुष्टि कराई गई कि फर्म आरडीएसओ स्त्रोत के द्वारा उत्पादित सामग्री, जिसका आरडीएसओ द्वारा निरीक्षण किया गया हो, की आपूर्ति करेगा। उपरोक्त शर्तें क्रयादेश में समाविष्ट तो की गयी थी परन्तु इन्हें टेंडर इन्क्वायरी में समाविष्ट नहीं किया गया था।

आरडीएसओ प्रतिबंधित मदों की खरीद हेतु नियमानुसार गैर आरडीएसओ स्त्रोतों को टेंडर इन्क्वायरी जारी नहीं की जानी चाहिए। भंडार नियंत्रक, हाजीपुर कार्यालय द्वारा जारी भंडार निर्देश सं. 47 के अंतर्गत पीएसी मदों को पीएसी फर्मों या उनके अधिकृत डीलरों से खरीदने का प्रावधान है। ठीक इसी आधार पर आरडीएसओ मदों को आरडीएसओ स्त्रोतों या उनके अधिकृत डीलरों से खरीदने का प्रावधान बनाने हेतु भंडार नियंत्रक/पूमरे को पत्र लिखा गया है।

STORES, MEDICAL & SECURITY

Irregularities in procurement of items restricted to be purchased from RDSO at divisional level

- Vikash Kumar, *CVI/S*

During a preventive check in a divisional unit, it was noted that for procurement of 'Universal 110V AC/DC LED Shunt Signal' which was to be made from RDSO restricted sources with RDSO's specification, three local sources had been proposed by the indenting unit in the NS demand as likely sources who were neither RDSO approved sources for the item being procured nor their authorized dealer. Divisional purchase office, while calling for tender enquiry, added one more local source which was also a non-RDSO source. One of the firms 'A' who was the lowest offerer and on whom P.O. was placed after TR & PR, confirmation was taken for supply of material manufactured by a RDSO approved source after inspection by RDSO. Though this condition was mentioned in the P.O. but the same was not incorporated in the tender enquiry.

For items restricted to be purchased from RDSO sources, tender enquiry should not be issued to non-RDSO sources. There is a provision for procurement of PAC items from PAC sources or their authorized dealers vide Stores Instruction no. 47 of COS office, HJP. For procurement of items from RDSO approved sources or their authorized dealers, COS/ECR has been requested to issue guideline on the same line as for PAC items.

स्टोर सामग्री का चार्ज दिए बिना पदच्युत हो जाना

– **रणजीत कुमार,** मुख्य सतर्कता निरीक्षक/भंडार

समस्तीपुर मंडल में निवारक जाँच के दौरान यह देखा गया कि एक सेक्शन में गेज परिवर्तन (MG to BG) का कार्य सम्पन्न होने तथा सेक्शन ओपन लाईन को 2010 में हीं हैंडओवर किये जाने के बाद भी अबतक कॉन्ट्रेक्टर के द्वारा फुट-टु-फुट सर्वे रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में 3237 नग सी.एस. टी. 9 पॉट 60 आर, तथा 29938 नग एम.एस.टाई बार 60 आर वापस नहीं किया गया है। कॉन्ट्रेक्टर के द्वारा 848.82 मीटर रेल 60 आर भी कम वापस किया गया है।

ओपन लाईन को हैंडओवर किये हुए लगभग पाँच वर्ष बीत जाने के बाद भी कॉन्ट्रेक्टर द्वारा कम लौटाई गई सामग्रियों की मात्रा के लिए तत्कालीन यूनिट प्रभारी द्वारा न तो कॉन्ट्रेक्टर से कभी कोई पत्राचार किया गया और न ही इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। निवारक जाँच के दौरान इसी यूनिट के एलसी गेट 'ए' एवं यार्ड 'बी' में फेंसिंग में रेल 60 आर, लॉग बुक में दर्शायी गई मात्रा से 424.7 मीटर कम पाया गया।

तत्कालीन यूनिट प्रभारी, जनवरी 2013 में हीं पदोन्नत होकर मंडल के अन्य यूनिट में राजपत्रित कार्यालयी का पदभार ग्रहण कर लिए हैं। लेकिन, वर्तमान समय तक उनके द्वारा यूनिट में कार्यरत किसी कार्यालयी को सामग्री का चार्ज नहीं दिया गया। आवश्यकतानुसार स्क्रैप को निष्पादन करने हेतु तत्कालीन यूनिट प्रभारी का ही सहयोग लिया जाता है।

इसी यूनिट से संबंधित लॉट सं. 707100812, स्क्रैप रेल 75 Kg जिसकी ई-ऑक्शन द्वारा बिक्री सितम्बर 2012 में हुई थी, की शेष मात्रा 34.314 मीट्रिक टन के परिदान अवधि विस्तार में विलम्ब किये जाने के परिवाद की जाँच के क्रम में देखा गया कि यदि तत्कालीन यूनिट प्रभारी द्वारा सामग्री का चार्ज समय पर दे दिया गया होता तो परिदान अवधि विस्तार में विलम्ब नहीं होता। तत्कालीन यूनिट प्रभारी की इस अनियमितता के कारण लगभग ढ़ाई वर्षों से भी अधिक समय से शेष सामग्री की सुपुर्दगी क्रेता को लंबित है।

भारी मात्रा में सामग्री की खरीद के पश्चात् अप्रयुक्त रह जाना

– **प्रमोद यादव,** मुसतानि/भंडार

एक दूरसंचार/निर्माण यूनिट में सतर्कता निवारक जाँच के क्रम में निम्न अनियमितताएँ पायी गईं:-

यूनिट में करीब रु 19 करोड़ की सामग्री जो 2007 में खरीदी गई थी, अभी तक बिना उपयोग के पड़ी हुई थी। ये सभी मदें X-Y सेक्शन में जहाँ अमान परिवर्तन 2009 में होना था, उसके लिए खरीदी गई थीं। लेकिन अमान परिवर्तन का कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण सभी सामग्रियाँ अभी तक अप्रयुक्त पड़ी हुई हैं। इन मदों में एक मद रिले भी था जिसका डिजायन बदल जाने के कारण अब उपयोग नहीं हो सकता है।

7.5 KVA एवं 15 KVA के नए डीजी सेट खुले आकाश में रखे हुए पाए गए जो खरीद के बाद इतने सालों तक उपयोग में नहीं लाए जाने के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुँच चुके थे। यूनिट प्रभारी के द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियों को इन सामग्रियों की उपलब्धता तथा इनकी अनुपयुक्तता तथा लंबे समय तक इनके उपयोग न हो पाने की कोई सूचना नहीं दी गयी। इस यूनिट में इन सामग्रियों का उपयोग नहीं होने की अवस्था में किसी अन्य यूनिट/ मंडल को भी उपयोग के लिए नहीं लिखा गया।

इस यूनिट में अनुरक्षण के लिए प्राप्त सामग्री तथा कार्य संविदा के अंतर्गत प्राप्त सामग्री का लेखाकरण एक ही लेजर में किया जा रहा था और इस संदर्भ में लेजर में कोई अभ्युक्ति यथा क्रयादेश सं., करार सं. आदि का संदर्भ भी नहीं दिया गया था, जिसके कारण यह बताना मुश्किल था कि कार्य संविदा के अन्तर्गत कौन-कौन सी सामग्री खरीदी गयी है।

दूरसंचार विभाग को पत्र लिखा गया है कि समय-समय पर खरीद की गई सामग्रियों की उपयुक्तता व समय पर प्रयोग होने/न होने की जाँच की जाए, आवश्यकतानुसार ही सामग्रियों की खरीद की जाए, किसी कारणवश खरीद की जाने वाली सामग्री अगर उपयोग में नहीं लाई जा सकती हो तो उन्हें किसी अन्य यूनिट को ऑफर किया जाए एवं संबंधित कार्यालयी को निर्देश जारी किया जाए कि अनुरक्षण के लिए प्राप्त सामग्री एवं कार्य संविदा के अन्तर्गत प्राप्त सामग्री का लेजर अलग-अलग अनुरक्षित किया जाए।

• लीड एसिड बैट्री के एनएस-11 में लीड की गलत मात्रा का दर्शाया जाना-

मंडल 'क' के सिगनल एवं विद्युत इकाई में स्क्रैप लीड एसीड बैट्री के निस्तारण के संबंध में निवारक जाँच के क्रम में निम्न अनियमितताएँ पायी गई-

मंडल की दोनों इकाइयों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्क्रैप लीड एसीड बैट्री में निहित लीड की प्रतिशत मात्रा Return Store Voucher (NS-11) में अनुमानत: अंकित की जा रही थी। एक इकाई के द्वारा विभिन्न प्रकार के लीड एसिड बैट्री में लीड की समान मात्रा NS-11 में दिखाई गई जबकि समान प्रकार की बैट्री के लिए दोनों यूनिट द्वारा अलग-अलग लीड की प्रतिशत मात्रा दिखाई गई।

प्रत्येक प्रकार की बैट्री में लीड की मात्रा साधारणतया अलग-अलग होती है। बैट्री एक अलौह मद है जो काफी महँगा भी है। बैट्री में saleable component lead ही है, और इसी component का गलत percentage अनुमान के आधार पर दिखाना सर्वथा उचित नहीं है। लीड की गलत मात्रा NS-11 में दिखाने से बिक्री की जाने वाली बैट्री का सही मूल्य Auction Sale में प्राप्त नहीं होगा तथा इससे रेल राजस्व की क्षति होगी। नीलामी बिक्री में बेची गई बैट्री के कुछेक लॉट के रिजर्व प्राईस की जाँच करने पर पाया गया कि इन बैट्रियों में लीड की प्रतिशत मात्रा का सही आकलन नहीं कराए जाने के कारण, इनका रिजर्व प्राईस, अन्य जोनल रेलवे में निर्धारित रिजर्व प्राईस से कम निर्धारित किया गया।

समस्तीपुर डिपो में यह मद फेरस की श्रेणी में माना जाता है, इस कारण इसका weighment, stock verifier के साथ witness नहीं होता है, जबकि, लीड एसिड बैट्री एक अलौह मद है तथा अन्य सभी अलौह मद के weighment का witness डिपो कर्मी तथा रेलवे सुरक्षा बल कर्मी के अलावा stock verifier भी करते हैं।

इस कार्यालय के द्वारा लीड की प्रतिशत मात्रा के संबंध में प्रणाली सुधार पत्र : ईसीआर/विज/सिस्टम इम्प्रूवमेंट दिनांक 11.08.14 को जारी किया गया है जिसका अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी सर्वसंबंधित को अनुस्मारक दिया गया है। साथ ही लीड एसीड बैट्री के weightment को डिपो में stock verifier भी witness करें, ऐसा पत्र भंडार नियंत्रक को लिखा गया है। Auction Sale के लिए बनाए गए जिन lots का रिजर्व प्राईस अन्य क्षेत्रीय रेल की तुलना में काफी कम निर्धारित किया गया था, उसके लिए उचित corrective measures लेने के लिए भी भंडार नियंत्रक को पत्र लिखा गया है।

मंडल रेसुब कर्मियों को शिक्षण भत्ता के भुगतान में अनियमितता

- **के.के. मिश्र,** मुसतानि/सुरक्षा

व.मं.सु. आयुक्त/रेसुब/मंडल 'क' के कार्यालय में रेसुब कर्मियों को भुगतान की गई शिक्षण भत्ता की निवारक जाँच के दौरान निम्न तथ्य सामने आए-

(क) व.मं.सु. आयुक्त/रेसुब/ मंडल 'क' कार्यालय के चार विभिन्न बिल यूनिट जिनके द्वारा शिक्षण भत्ता के भुगतान का बिल process किया गया, के डीलर, शिक्षण भत्ता से संबंधित कोई दस्तावेज जाँच टीम को प्रस्तुत नहीं कर पाए। मुकाधि/हाजीपुर के पत्र सं. ECR/HRD/034/Bill/ch.ED.All. दिनांक 16.12.13 के अनुसार शिक्षण भत्ता के बिल भुगतान से संबंधित एक रजिस्टर बिल क्लर्क के द्वारा maintain किया जाना है तथा records को दस वर्षों तक अनुरक्षित करना है। बिल यूनिट के इन कर्मियों द्वारा न तो रजिस्टर maintain की गई और न हीं शिक्षण भत्ता के दावे से संबंधित records ही अनुरक्षित किए गए।

(ख) व.मं.सु. आयुक्त/रेसुब/ मंडल 'क' कार्यालय के द्वारा वर्ष 2014 में मंडल द्वारा भुगतान किए गए शिक्षण भत्ता के कुल 230 मामलों में से 12 मामले, जिनमें दावा राशि, होस्टल के मामले होने के कारण ज्यादा थीं, को जाँच के लिए चिन्हित किया गया, लेकिन इन 12 में से केवल 02 मामलों के हीं कागजात लेखा विभाग के बिल यूनिट व Post Audit अनुभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा सके। अत: सारे मामलों की जाँच दस्तावेज के अभाव में नहीं की जा सकी।

(ग) लेखा विभाग के स्थापना अनुभाग के कर्मियों द्वारा शिक्षण भत्ता के कागजात लेखा विभाग के books office तथा cash office होते हुए post audit section को दे दिए जाते हैं, के तथ्य रखे गए परन्तु Post Audit section अनुभाग द्वारा इन कागजातों को bundle में प्राप्त करने, गिनकर एवं मिलाकर bills व vouchers को प्राप्त नहीं करने के तथ्य रखे गए। मुकाधि

/हाजीपुर के पत्र सं. ECR/HRD/034/Bill/ch.ED.All. दि. 16.12.13 के तहत बिल से संबंधित रिकार्ड का अनुरक्षण 10 वर्षों तक करना था, परन्तु इसका अनुपालन नहीं किया गया।

(घ) शिक्षण भत्ता के bill से संबंधित कोई register maintain नहीं करने तथा records/vouchers के अनुरक्षण नहीं करने से गलत भुगतान व नियम संगत भुगतान नहीं होने की संभावना बनेगी।

(ङ) बिल यूनिट द्वारा शिक्षण भत्ता से संबंधित रजिस्टर maintain नहीं करने एवं मुकाधि/हाजीपुर के पत्र सं. ECR/HRD/034/Bill/ch.ED.All. दि. 16.12.13 का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने के लिए उचित कार्रवाई की अनुशंसा की गई। मरेप्र./मंडल 'क' व विसमुलेधि/हाजीपुर के संज्ञान में उपरोक्त अनियमितता को लाया गया तथा संबंधित कर्मियों को रजिस्टर maintain करने व records/vouchers का अनुरक्षण करने का निर्देश देने के लिए अनुरोध किया गया।

- **कारखाना परिक्षेत्र में निविदा आधारित निजी सुरक्षा गार्ड/गन मैन/पर्यवेक्षक की तैनाती में अनियमितता :-**

कारखाना परिक्षेत्र में निविदा के आधार पर निजी सुरक्षा गार्ड/गन मैन/पर्यवेक्षक की तैनाती में निविदा शर्तों के अनुरुप तैनाती नहीं किए जाने एवं गलत तरीके से फर्जी तैनाती दर्शाकर राशि भुगतान किए जाने के परिवाद की जाँच के क्रम में निम्न तथ्य सामने आए-

(क) कारखाना परिक्षेत्र में निजी सुरक्षा गार्ड/गन मैन/पर्यवेक्षक की तैनाती में निविदा करारनामा का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया तथा निजी सुरक्षा कर्मी की तैनाती 08-08 घन्टे की तीन पालियों में करने की बजाए 12-12 घन्टे की दो पालियों में की गई। इस प्रकार तैनात किए जाने वाले निजी सुरक्षा कर्मी से Double duty एवं लगातर ड्यूटी नहीं लिए जाने के करारनामा में निहित निर्देश के बाद भी 04-04 घन्टे की अतिरिक्त ड्युटी ली गई।

(ख) कारखाना परिक्षेत्र में निजी सुरक्षा गार्ड/गन मैन/पर्यवेक्षक की तैनाती में दैनिक पालीवार तैनाती विवरण के अवलोकन पर निजी सुरक्षा कर्मी की तैनाती की संख्या पुनरीक्षित (Revised) आदेश के अनुरूप नहीं पाई गई अपितु पुनरीक्षित आदेश से कम आर्म गार्ड तथा पुनरीक्षित आदेश से अधिक सुरक्षा गार्ड को तैनात किया जाना पाया गया। जाँच की तिथि पर 13 आर्म गार्ड की पुनरीक्षित संख्या से कम तैनाती पाई गई।

(ग) कारखाना परिक्षेत्र में निजी सुरक्षा गार्ड/गन मैन/पर्यवेक्षक की तैनाती में निविदा करारनामा में दिए गए सामान्य शर्त/दिशा-निर्देश निजी सुरक्षा कर्मी की तैनाती की दृष्टिकोण से स्पष्ट एवं विशिष्ट नहीं पाए गए अपितु दिए गए शर्त/दिशा-निर्देश निर्माण कार्य एवं Non Stock Material supply से संबंधित थे।

उपरोक्त स्थिति से यह पूर्णतया स्पष्ट होता है कि आर्म गार्ड की जगह अनआर्म्ड गार्ड ड्यूटी पर लगाए गए तथा इस तरह से निजी सुरक्षा कर्मियों की कुल संख्या को करार में वर्णित उनकी कुल संख्या के बराबर रखने का प्रयास किया गया। परन्तु, निविदा के करारनामा एवं पुनरीक्षित (Revised) आदेश में आर्म्ड एवं अनआर्म्ड सुरक्षाकर्मियों की अलग-अलग निश्चत संख्या का प्रावधान कारखाना परिक्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था को मानक के अनुरुप रखने के खास उद्देश्य से की गई होगी तथा उसी संख्या में तैनाती नहीं करने से कारखाना परिक्षेत्र की मानक सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी के तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है।

कम सुरक्षा कर्मियों के लगाए जाने के कारण रेल राजस्व की करीब रु. 27 लाख हानि का अनुमान लगाया गया है जिसकी कटौती की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है।

विद्युत

विद्युत कार्यों के निविदा के संपादन में अनियमितताएँ

- अशोक कुमार
मुख्य सतर्कता निरीक्षक/विद्युत

पावर सेवर की आपूर्ति एवं संस्थापना की निविदा से संबंधित परिवाद की जांच के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं प्रकाश में आई:-

(i) एनआईटी में, पावर सेवर का स्वीकार्य मेक क्लासिक, उषा पावर, पंकज और ग्रीप इंडिया उल्लेखित था। लेकिन निविदा कमिटि मंत्रणा के दौरान निविदा कमिटि ने दो अन्य मेक सर्वोमेक्स तथा छवि जिसे निम्नतम निविदाकर्त्ता में उर्द्धत किया था, को भी अनुमोदित कर दिया।

(ii) इसके अतिरिक्त, निविदा शर्तों के अनुसार, पावर सेवर को आर.डी.एस.ओ. के विनिर्दिष्ट संख्या आर.डी.एस.ओ/पीई/एसपीईसी/पीएस/0098 (पुनरीक्षण 0)-2008 संषो-1 के अनुरूप आपूर्ति करना था। जबकि, स्वीकृत पत्र/करारनामा में आर.डी.एस.ओ. के विनिर्दिष्ट संदर्भ को हटा दिया गया। आ.डी.एस.ओ. इस विनिर्दिष्ट को 2012 में ही वापस ले चुका है।

निविदा खुलने के उपरांत निविदा प्रलेख में किसी प्रकार का बदलाव एवं निविदा कमिटि द्वारा अन्य मेकों की स्वीकृति को उचित एवं नियमानुसार सही नहीं ठहराया जा सकता है। दो अन्य निविदा कमिटि सदस्य यथा वित्त सदस्य एवं तीसरे सदस्य ने भी निविदा खुलने के उपरांत निविदा प्रलेख में बदलाव के लिए किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं की।

ELECTRICAL

Irregularities in finalization of tender for electrical works.

- Ashok Kumar
Chief Vigilance Inspector/Elect

During investigation of a complaint case regarding finalization of a tender for supply and installation of power saver. The following irregularities have been observed.

(i) In the NIT, the acceptable make of the power saver were mentioned as "Classic, Usha Power, Pankaj and Grip India. However during tender committee deliberations the TC approved two other make Servomax and Chhabi offered by the lowest tenderer.

(ii) Further, as per tender conditions, the power saver was to be supplied conforming to RDSO specification no. RDSO/PE/SPEC/PS/0098(Rev'0)-2008 Amnt-1. However in the LOA/C.A, reference of RDSO specification was deleted. RDSO has withdrawn this specification in 2012.

Any modification in the tender document after opening of the tender and acceptance of other makes by TC, post tender, are not considered appropriate and as per rule. The other two TC member's i.e. finance member & third member also didn't raise any objection for such post tender modification/consideration.

सी टी एस (क्लीन ट्रेन स्टेशन) कार्य निष्पादन में पाई गई अनियमितताएँ

- कुमार करूणेश
मुख्य सतर्कता निरीक्षक/यांत्रिक

सतर्कता निवारक जाँच के दौरान पूर्व मध्य रेल के एक स्टेशन पर संचालित सी टी एस (क्लीन ट्रेन स्टेशन) संबंधी कार्यों में निम्नवत अनियमितताएं पाई गई:-

(i) संवेदक द्वारा शौचालय उपस्करों की सामान्य सफाई नहीं की गई थी। दर्पण, साबुन खांचों एवं अन्य उपस्करों जिनका पोंछा जाना जरूरी था को बिना साफ किये छोड़ दिया गया था। काफी कोचों के दरवाजे वाले क्षेत्र में बने पानी निकास छिद्र जाम पाए गए एवं सफाई नहीं करने से वहां पानी निकास बाधित था और पानी जमा हुआ था। इन सभी कार्यों को संविदा करार में स्कोप ऑफ वर्क के अंतर्गत निर्दिष्ट किया गया है। यह भी पाया गया कि कोच के गलियारा क्षेत्र की सफाई खराब थी और इस क्षेत्र में सफाईयोग्य दिखनेवाले मौजूद धब्बों से प्रतीत होता था कि इनको साफ करने का प्रयास ही नहीं किया गया था।

(ii) सफाई कर्मचारियों द्वारा उपयोग किए जा रहे सफाई औजार जैसे सफाई ब्रश, खिड़की कांच हेतु स्कवीज ब्लेड पूरी तरह से घिसा हुआ था। यह सभी औजार संविदा करार में प्रोजेक्ट स्पेसिफिकेशन के अंतर्गत निर्दिष्ट है। लेकिन इनके बदलने की बारंबारता उल्लेखित नहीं है। फिर भी, संबंधित पर्यवेक्षक को कार्य के उचित क्रियान्वयन हेतु इनका समय पर बदलना सुनिश्चित करना चाहिए था।

(iii) सी टी एस (क्लीन ट्रेन स्टेशन) के अंतर्गत नामित प्रत्येक ट्रेन में सफाई हेतु बिना ट्रेनों के संयोजन का विचार किये प्रतिदिन 09 वर्क स्टेशन बनाए जा रहे हैं। जबकि, 21 कोचों की संख्या वाले ट्रेन भी वहां है, जिसमें 11 वर्क स्टेशन की जरूरत है। प्रतिनियुक्त मैनपावर भी केवल 09 वर्क स्टेशन के अनुसार हैं। यह भी देखा गया कि मशीन सेटों की संख्या केवल 07 वर्क स्टेशन के लिए ही उपलब्ध है।

(iv) संविदा करार में कुछ अस्पष्टता है। निर्दिष्ट संसाधन जैसे कार्य हेतु लगने वाले मैनपावर मशीन एवं सामग्री की जरूरत संविदा करार में विस्तृत है लेकिन भुगतान/पेनॉल्टी पर्यवेक्षक द्वारा भरे हुए स्कोरिंग पर आधारित है एवं संविदा करार में संवेदक द्वारा कमतर संसाधन आपूर्ति करने की स्थिति में कोई पेनॉल्टी निर्दिष्ट नहीं है।

Irregularities in CTS (CLEAN TRAIN STATION) execution work

- Kumar Karunesh
Chief Vigilance Inspector/Mech

During preventive vigilance check, for the work related to CTS (Clean train station), conducted at one of the station of ECR. Following irregularities were observed:-

I. General wiping of toilet fittings were not done by contractor. Mirrors, soap cases and other fittings required to be wiped, left unattended. Drain holes in the doorway area in most of the coaches were found jammed and not cleared resulting water logging there. These works has been specified in CA under scope of work. Further, it was also observed that mopping of coach aisle area is poor as visible cleanable stains in the area show no/less effort by cleaning staff.

II. Tools like cleaning brushes, window glass squeeze blades used by cleaning staffs were in worn out condition. These tools are specified under project specification in CA but frequency of their replacement was not detailed but the concerned supervisor should have ensured their replacement for proper execution of the work.

III. 9 nos. of workstation has been maintained daily for cleaning each of the trains under CTS i.e. irrespective of the composition of train. Though there are trains with 21 no. of coaches, which require 11 no. of workstations. The manpower deployed are for 9 workstations only. Further the set of machines available are for 7 workstations only.

IV. There is ambiguity in Contract agreement. The resource specification like requirement of manpower, machines, and materials required for the work have been detailed in the agreement but the payment/penalty is based on the scoring filled by supervisors and there is no penalty clause specified in the agreement for supplying less resources i.e. manpower, machines and material by the contractor.

• पेनॉल्टी लगाने एवं रिकार्ड कीपिंग में पाई मेकेनाईज्ड क्लीनिंग के संविदा कार्य में की गई अनियमितताएँ

मैकेनाइज्ड क्लीनिंग सम्बन्धी कार्य की सतर्कता जाँच में यह देखा गया कि यद्यपि संविदा में संवेदक द्वारा कम मैनपावर एवं कम मशीन आपूर्ति करने पर पेनॉल्टी लगाने का प्रावधान है। लेकिन, जांच के दौरान देखा गया कि संविदा में दिए प्रावधान के अनुसार पेनॉल्टी नहीं लगाया जा रहा है। टेस्ट चेक रजिस्टर में मेकेनाईज्ड क्लीनिंग में मशीनों के प्रयोग नहीं करने की टिप्पणी दर्ज होने के बावजूद कुछ मामलों में पाया गया कि निर्दिष्ट से कमतर पेनॉल्टी लगा है तथा अन्य मामलों में पेनॉल्टी नहीं लगा है। यह भी पाया गया कि पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों द्वारा टेस्ट चेक रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्रंक 95/M©/141/1 vol-ii dtd. 02.08.2013 के निर्देशानुसार नहीं किए जा रहे हैं।

यह भी देखा गया कि डिपो में कोचों के मेकेनाईज्ड क्लींनिंग एवं डिपो क्लीनिंग हेतु करार संविदा में निर्दिष्ट 02 मशीन सेट की जगह मात्र एक मशीन सेट उपलब्ध थे। मशीनों की इस कमी के लिए कोई पेनॉल्टी नहीं लगा था। संविदा में निर्दिष्ट वर्क डायरी रजिस्टर, इंजीनियर निर्देश रजिस्टर, मशीन रजिस्टर भी डिपो कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

रेलवे बोर्ड के पत्र सं. E (D&A) 2007/GS 1-1 दिनांक 17.06.2009 के आलोक में पे बैंड-2 (₹ 9300-34800) ग्रेड में ₹ 4600/- तथा उसके ऊपर कार्यरत सभी पर्यवेक्षी कर्मचारी-वर्ग के द्वारा अपने अचल सम्पत्ति का वार्षिक ब्यौरा जमा करना जरूरी है।

• Irregularities in penalty imposition and record keeping in contractual work of Mechanized cleaning.

In a preventive vigilance check for the work of mechanised cleaning it was observed that though, there is provision in the contract for imposition of penalty for less manpower and less machines provided by the contractor, however, during check it was noticed that the penalty is not being imposed as per the contract provisions. In some cases the penalty imposed found to be less than specified and in other cases no penalty was imposed despite remarks on test check register regarding non use of machines for the mechanized cleaning. It was further observed that the test checks are not being carried out by the supervisors as well as officers as per the laid down guidelines issued by the Railway Board vide their letter no. 95/M(c)/141/1 vol-ii dated 02.08.2013.

It was further observed that only one set of machine was available in the depot for mechanized cleaning and depot cleaning in place of two sets of machines specified in the CA. No penalty was imposed for this deficiency of machines. Work Diary register, Engineer's Instruction register, Register for machines as specified in Contract Agreement are also not available at depot office.

Cooperation with Vigilance team in discharge of its duty

Preventive checks, carried out by vigilance organization, are mandated in order to monitor the working of the Railway organization. Investigating Inspectors of Vigilance organization are empowered to call for documents, record statements and, if need be, ask any railway official for assistance during the check.

Non-cooperation during the vigilance checks is viewed seriously and may also give rise to suspicion for helping the guilty get away. Hence all concerned officials may be sensitized to extend full cooperation during vigilance checks. It should be explained to them it would be in their interests to disclose the cash and contents of their bags/wallets/pockets, etc as and when required, so that any resistance on this account is not interpreted as non-cooperation.

[Ref. Rly Bd Vigilance Directorate Letter No. 2014/V-1/VP/1/10 dated 27.01.15]

महत्वपूर्ण
प्रणाली सुधार पत्र

Important
System Improvement Letters

पूर्व मध्य रेल

एसआइएल - 01/2015

कार्यालय
महाप्रबंधक सतर्कता
हाजीपुर

सं. इसीआर/विज/सिस्टम इम्प्रूवमेंट/50 दिनांक: 22.01.2015

प्रमुख मुख्य इंजीनियर,
पूर्व मध्य रेल,
हाजीपुर।

विषयः- टुकड़ों में मरम्मती कार्यों के क्रियान्वयन के पहले दोषपूर्ण टाइल्स/ग्रेनाइट/कोटा स्टोन आदि की स्थिति को दर्शाते हुए सर्वेशीट का अनुमोदन।

एक निवारक जाँच के दौरान, यह देखा गया है कि जिस जगह पर टाइल्स/ग्रेनाइट/कोटा स्टोन इत्यादि को बदलना है, उस जगह का विस्तृत अभिलेख तैयार किये बिना ही दोषपूर्ण टाइल्स/ग्रेनाइट/कोटा स्टोन इत्यादि को बदलने के लिए टुकड़ों में मरम्मती कार्य किया गया है। अनुवर्ती जाँच के दौरान, पुराने और नये कार्यों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार की स्थिति में, हर अवसर पर गलत भुगतान की संभावना रहती है।

उपरोक्त के आलोक में, एक प्रणाली सुधार पत्र जारी करने हेतु अनुरोध किया जाता है कि, दोषपूर्ण टाइल्स/ ग्रेनाईट/कोटा स्टोन इत्यादि के टुकड़ों में मरम्मती कार्यों के क्रियान्वयन के पहले, स्थल जहाँ बदलना है दर्शाते हुए एक सर्वेसीट तैयार करना चाहिए एवं सहायक इंजी. से अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए। अनुमोदित सर्वेशीट की एक प्रति सेक्शनल मण्डल अभियंता/प्रवर मण्डल अभियन्ता को भी सूचनार्थ भेजा जाए।

प्रणाली सुधार हेतु जारी किये गये पत्र की एक प्रति इस कार्यालय को कृपया सूचनाार्थ भेजें।

(जे.के. वर्मा)
वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक

EAST CENTRAL RAILWAY

SIL - 01/2015

Office of the
General Manager (Vig.)
Hajipur.

No. ECR/Vig/System Improvement/50 Dated: 22.01.2015

Principal Chief Engineer,
East Central Railway,
Hajipur.

Sub:- Approval of survey sheet before execution of patch repair work showing location of defective tiles/granite/ kota stone etc.

During investigation of a preventive check, it has been observed that, patch repair work for replacement of defective tiles/ granite/kota stone etc. are done without any detailed record, showing locations to be changed. During subsequent check, it becomes difficult to identify the old and new work. In such a situation, there is every chance of false payment.

In view of above, it is requested that, a system improvement letter may be issued stipulating that before execution of patch repair work for replacement of defective tiles/granite/kota stone etc., a survey sheet showing location to be changed should be prepared & got approved by AEN. The copy of approved survey sheet should also be sent to sectional DEN/Sr.DEN for information.

A copy of system improvement letter may please be sent to this office for information.

(J.K.Verma)
Sr. Deputy General Manager

पूर्व मध्य रेल

एसआइएल - 02/2015

कार्यालय
महाप्रबंधक सतर्कता
हाजीपुर

No. ECR/Vig/System Improvement/50 Dated: 20.02.15

मुख्य चिकित्सा निदेशक
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर।

विषय :- रेलवे अस्पताल के अंतरंग रोगियों को प्रदान किए जाने वाले भोजन दर के निर्धारण व आवधिक पुनरीक्षण एवं संबंधित कर्मचारी को प्रदत्त भोजन प्रभार राशि की कटौती।

रेलवे अस्पताल द्वारा अंतरंग रोगियों को प्रदान किए जाने वाले भोजन के दर निर्धारण एवं तीन वर्ष पर उस दर का आवधिक पुनरीक्षण व संबंधित कर्मचारी से प्रदत्त भोजन प्रभार की कटौती के बिन्दु पर रेलवे अस्पताल समस्तीपुर, धनबाद एवं मुगलसराय में की गई सतर्कता जाँच में मुख्यत: निम्न अनियमितताएँ प्रकाश में आईं :-

(i) अंतरंग रोगियों को रेल अस्पताल द्वारा प्रदत्त भोजन के प्रभार का निर्धारण एवं पुनरीक्षण रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए लगातार निर्देशों एवं IRMM 2000 Para 642 में वर्णित प्रावधान के विपरीत काफी विलंब से दिनांक: 03.02.14 को किया गया। इसके पहले भोजन का प्रभार निर्धारण वर्ष 2002 में किया गया था।

(ii) मुख्यालय स्तर से पुनरीक्षित भोजन प्रभार के निर्धारण के बाद भी समस्तीपुर अस्पताल द्वारा कुछ मामलों में पुराने दर से कटौती किए जाने का आदेश दिया गया।

(iii) संबंधित कर्मचारी के मद से प्रदत्त भोजन प्रभार की राशि की कटौती कर लिए जाने का कोई आँकड़ा/प्रमाण संबंधित स्वास्थ इकाई के पास उपलब्ध नहीं पाया गया।

(iv) कुछ इकाई यथा इन्जीनियरिंग, दूरसंचार, टेलकम एवं डीजल शेड, इत्यादि में बिल उन्हीं इकाइयों द्वारा बनाई जाती है। ऐसे मामलों में भी भोजन प्रभार की कटौती हेतु पत्र कार्मिक विभाग को प्रेषित हैं जबकि कटौती विवरण संबंधित इकाई या मंडल/रेल को प्रेषित किया जाना चाहिए था।

(v) संबंधित कार्मिक विभाग के पास भी भोजन प्रभार की कटौती का कोई आँकड़ा उपलब्ध नहीं पाया गया।

उपरोक्त अनियमितताओं के अवलोकन से यह पूर्णत: स्पष्ट है कि अंतरंग रोगियों को प्रदान किए जाने वाले भोजन प्रभार का निर्धारण व पुनरीक्षण एवं संबंधित कर्मचारी से उसकी कटौती की प्रक्रिया में शामिल कार्यालयी द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई है। इसे प्रणाली विफलता के रूप में देखा जा सकता है। अत: उपरोक्त अनियमितता को दूर करने के लिए निम्न ठोस प्रणाली विकसित किया जाना आवश्यक है :-

(क) IRMM 2000 के Para 642 के तहत प्रत्येक तीन वर्षों के अंतराल पर भोजन प्रभार के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सरल करने की आवश्यकता है। इस विन्दु पर अलग-अलग अस्पतालों की भोजन प्रभार पुनरीक्षण की समीक्षा रिपोर्ट प्राप्त करने के स्थान पर मुख्यालय स्तर पर ही एक स्थाई समीक्षा समिति का गठन किया जाय जो प्रत्येक तीन वर्षों पर स्वत: निर्धारित तिथि के पूर्व अपनी समीक्षा रिपोर्ट समर्पित करे जिसके आधार पर संशोधित भोजन प्रभार की कटौती संबंधित रेलकर्मी से की जा सके।

(ख) भोजन प्रभार के संबंधित कर्मचारी से कटौती की प्रक्रिया में एकरूपता एवं सरलता लाए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान प्रक्रिया के तहत कार्मिक विभाग एवं संबंधित इकाई के बिल अनुभाग में अस्पताल द्वारा कटौती विवरण प्रेषित करने से कटौती की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब होता है। इसके मुख्य कारण अस्पताल द्वारा संबंधित बिल यूनिट को समय से कटौती नहीं सुझाए जाने, सुझाई गई कटौती विवरण में सही तथ्य उपलब्ध नहीं कराए जाने तथा इसके अभाव में फिर बिल यूनिट द्वारा संबंधित अस्पताल के साथ कोई भी पत्राचार नहीं कर मामले को लंबित छोड़ देने, आदि हैं। अत: वर्तमान में मुगलसराय मंडल अस्पताल द्वारा भोजन प्रभार की राशि रेलवे रोकड़ में जमा कराकर पावती स्वरूप रेलवे रसीद प्राप्त करने की प्रक्रिया अन्य अस्पतालों द्वारा भी अपनाई जा सकती है।

(ग) भोजन प्रभार के आवधिक दर का निर्धारण, भोजन प्रभार की वसूली एवं इसके लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, इत्यादि से संबंधित सभी

विन्दुओं को सम्मिलित करते हुए एक संयुक्त प्रक्रिया आदेश (JPO) निर्गत की जाए। भोजन प्रभार की कटौती की निगरानी HMIS के माध्यम से की जाए तथा संबंधित रेलकर्मी के वेतन से समय पर उसकी पूरी वसूली के लिए इसको PRIME/AFRES से संबद्ध कराया जाए।

इस संबंध में कृपया प्रणाली सुधार का आदेश अपने स्तर से जारी कर इस कार्यालय को सूचित करें। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्तीपुर के पत्र संख्या च/184/1 दिनांक 10.05.12 के अनुसार वर्ष–2002 में भोजन प्रभार का दर निर्धारित किया गया था। इसके बाद जनवरी–2014 में भोजन प्रभार का पुनर्निर्धारण किया गया। इस समयावधि में भोजन प्रभार की दर को हर तीन वर्षों पर पुनरीक्षित कर समस्त बकाया भोजन प्रभार की कटौती की जाए। जनवरी–2014 में भोजन प्रभार के दर निर्धारण के बाद भी जिन इकाइयों में कटौती पुराने दर से की गई है, वहाँ भी नये दर के अनुसार बकाया राशि की कटौती सुनिश्चित की जाए।

कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत करायी जाए।

(जे.के. वर्मा)
वरिष्ठ उप महाप्रपंधक
कृते महाप्रबन्धक/सतर्कता

हजारों योद्धाओं पर विजय पाना आसान है,
लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है,
वही सच्चा विजयी है।

– बुद्ध

कोई भी लक्ष्य मनुष्य के
साहस से बड़ा नहीं,
हारा वही, जो लड़ा नहीं।

– श्रीकृष्ण

पूर्व मध्य रेल

एसआइएल – 07/2015

कार्यालय
महाप्रबंधक सतर्कता
हाजीपुर
दिनांक: 15.09.2015

सं. ई.सी.आर./विज./प्रणाली सुधार /50

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक,
पूर्व मध्य रेल,
हाजीपुर।

विषय:- कोयले की नीलामी से संबंधित वाणिज्य विभाग के नीलामी बिक्री की अधिसूचना/ज्ञापन में सुधार।

सतर्कता संगठन द्वारा कतरास स्टेशन पर कोयले की नीलामी बिक्री के निष्पादन से संबंधित एक निवारक जाँच आयोजन के दौरान नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्त्तों के पालन में कमियाँ पायी गयीं। जिसके परिणामस्वरूप, क्रयकर्त्ता द्वारा माल के उठाव में असफल होने पर परिदान अवधि विस्तार, ठेके की समाप्ति इत्यादि का कार्य फंस जाता है जिसके लिये मुख्यालय एवं मंडल के बीच अनावश्यक रूप से पत्राचार होता है। परिदान अवधि विस्तार के मुद्दे पर मुख्यालय से मंडल को कोई स्पष्ट निर्देश नहीं प्राप्त हुए। अत: मंडल द्वारा ठेके के संचालन से संबंधित नियमों एवं शर्त्तों के नीलामी बिक्री/कागजातों में व्यापक समायोजन के पुनरावलोकन की आवश्यकता है।

स्क्रैप माल के नीलामी के लिए भंडार विभाग द्वारा जारी किये गये नीलामी बिक्री अधिसूचना और नियम एवं शर्त्तों को भी संलग्न किया जा रहा है, जिसका उपयोग वाणिज्य विभाग के नीलामी बिक्री के ज्ञापन और नियम एवं शर्त्तों को जारी करने में उपयोगी होगी। इस प्रक्रिया में कोयला नीलामी से संबंधित रेलवे बोर्ड द्वारा समय–समय पर जारी किये गये नियमों एवं परिपत्रों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये।

यह सलाह दी जाती है कि वित्त विभाग के सलाह से मुख्यालय स्तर पर इस प्रलेख को तैयार कर एक समान अंगीकरण हेतु मंडलों को जारी किया जाये।

कोयला नीलामी बिक्री संबंधित कागजातों की प्रति, प्रलेख हेतु इस कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाये।

(जे.के. वर्मा)
व.उ.म.प्र.

पूर्व मध्य रेल

एसआइएल - 03/2015

कार्यालय
महाप्रबंधक सतर्कता
हाजीपुर

सं: ईसीआर/विज/सिस्टम इम्प्रूवमेंट/50

भंडार नियंत्रक
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

विषय : बॉक्स एन/भंडार डिपो/मुगलसराय में सामग्री के लेखाकरण में विलंब।

अपएंडेड इन्सर्ट एलएनयूएक्स (LNUX) 30 एमएम प्राइस लिस्ट सं. 72987169 के लेखाकरण में विलंब व संदर्भित मद की चक्कों की कटाई की संख्या के सापेक्ष खपत, भंडार नियंत्रक कार्यालय द्वारा इस मद का क्रय एवं भंडारण डिपो द्वारा इस मद की निर्गम पद्धति (इश्यू पैटर्न) के सन्दर्भ में बॉक्सएन डिपो, मुगलसराय में निवारक जाँच की गई। जाँच के दौरान निम्न तथ्य पाए गए :-

i. अपएंडेड इन्सर्ट एलएनयूएक्स (LNUX) 30 एमएम प्राइस लिस्ट सं. 72987169 लगभग 06 माह से बिना लेखाकरण के बॉक्सएन डिपो, मुगलसराय में पड़ा हुआ था। राइट्स/बंगलोर के अर्नंतिम (प्रोवीजनल) जाँच के बाद डिपो में सामग्री प्राप्त किया गया था। लक्ष्य उपयोक्ता (अंतिम उपभोक्ता) के द्वारा सामग्री की व्यावहारिक जाँच के आधार पर राइट्स द्वारा मद का अंतिम निरीक्षण प्रमाणपत्र जारी किया जाना था। मुगलसराय में लक्ष्य उपयोक्ता के द्वारा की गई निष्पादन (व्यावहारिक) जाँच में सामग्री नाकाम हो गयी। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वैगन केयर सेंटर/मुगलसराय के निष्पादन रपट से यह स्पष्ट होता है कि सामग्री की जाँच निश्चित मापदंड के तहत नहीं की गई, बल्कि पूर्व में एक अलग निर्माणकर्त्ता (मेक) के द्वारा आपूर्ति की गई समान सामग्री के साथ तुलना कर की गई।

वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक/बॉक्सएन/मुगलसराय और वरिष्ठ मंडल यॉंत्रिक अभियंता/कैरेज एवं वैगन/मुगलसराय के बीच निष्पादन जाँच के सन्दर्भ में पत्राचार जारी रहते हुए हीं हरनौत रेल कारखना को इस भंडार मद का 400 नग

EAST CENTRAL RAILWAY

SIL - 03/2015

Office of the
General Manager (Vig.)
Hajipur.

No. ECR/Vig /System Improvement/50 Dtd: 24.02.2015.

Controller of Stores
East Central Railway, Hajipur.

Sub- Delay in accountal of material at BOXN/Store depot/MGS

A Preventive Check was conducted at BOXN depot, MGS on the aspect of delay in accountal of material Upended INSERT LNUX 30 mm to PL No. 72987169, consumption of the item vis- a-vis the number of wheels turned, procurement of the item by COS office and issue pattern by stocking depots. Following points were noted during investigation -

i. The item INSERT LNUX 30 mm to PL No. 72987169 had been lying at BOXN/MGS depot unaccounted for about 6 months. Material was received in the depot after provisional inspection by RITES/Bangalore. Final IC by RITES for the item was to be issued on the basis of performance test of the material by the end user. The material failed in performance test at the user's end at MGS. From the performance report of SSE/WCC/MGS (copy enclosed), it is evident that the material was not tested w.r.t. certain defined parameters but a comparison was made with material supplied earlier of a different make.

Though the correspondence between SMM/BOXN/MGS and Sr DME/C&W/MGS was still going on regarding performance test of the material, 400 nos of the item was issued by the Depot to HRK

निर्गत किया गया तथा हरनौत रेल कारखाना के द्वारा सामग्री को पास भी कर दिया गया। हरनौत रेल कारखाना के द्वारा केवल इस तथ्य का कि 'व्हील लेथ पर भण्डार का प्रदर्शन (निष्पादन) संतोषप्रद है', का उल्लेख किया गया तथा निष्पादन परीक्षण के लिए किसी निर्धारित मापदंड का उल्लेख नहीं किया (रपट की प्रति संलग्न)।

समान क्रयादेश के तहत गढ़हरा डिपो के लिए भी इस सामग्री का क्रय किया गया था। गढ़हरा डिपो के द्वारा सामग्री के संतोषप्रद प्रदर्शन के बारे में राइट्स को सलाह दी गई और राइट्स के द्वारा अंतिम निरीक्षण प्रमाणपत्र भी जारी किया गया। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/बरबाडीह द्वारा जारी की गई निष्पादन जाँच रपट के आधार पर गढ़हरा डिपो ने यह कार्रवाई की। बरबाडीह द्वारा न तो कोई जाँच (परीक्षण) माणदंड का उल्लेख किया गया और न ही निष्पादन जाँच रपट किसी राजपत्रित अधिकारी के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराया गया (जाँच की प्रति सलंग्न)।

ii. मुगलसराय और बरबाडीह के द्वारा सामग्री की खपत का विश्लेषण किया गया। यह तथ्य प्रकाश में आया कि दोनों स्थानों पर प्रति इंसर्ट टर्न्ड व्हील की संख्या 5 से 18 के बीच है। जब मद का स्टॉक अधिक उपलब्ध था तब खपत बहुत अधिक थी और अनुमानित वार्षिक खपत की तुलना में डिपो से बहुत अधिक मात्रा में सामग्री निर्गत की गई (अनुमानित वार्षिक खपत से 2 से 7 गुणा अधिक)। भंडार की खपत का स्वरूप (पैटर्न) वर्ष 2009-10 से सलंग्न है।

iii. भंडार मद के लिए जारी क्रयादेश सं. 3005121256112558 दिनांक 12.03.14 से यह स्पष्ट होता है कि पूर्व मध्य रेल में अनकोटेड सामग्री खरीदी जाती है जबकि दूसरे रेलवे में कोटेड सामग्री का प्रयोग किया जाता है। गुणवत्ता के लिहाज से कोटेड सामग्रियाँ बेहतर और अनकोटेड सस्ती होनी चाहिए।

iv. क्रयादेश सं. 3005121256112558 दिनांक12.03.14 के तहत गढ़हरा के लिए अनुमानित वार्षिक खपत 840 नग के विरुद्ध 3285 नग, मूल्य रु. 28,81,569/- का क्रय किया गया जो लगभग 4 वर्षों की आवश्यकता के बराबर था। उसी प्रकार से मुगलसराय के लिए अनुमानित वार्षिक खपत 1800 नग के विरुद्ध 3600 नग, मूल्य रु. 31,57,844/-का क्रय किया गया। जाँच के दौरान यह पाया गया कि मुगलसराय की जरूरत को भी शामिल करते हुए गढ़हरा डिपो के लिए मात्रा का क्रय किया गया, जबकि

and the material was passed by HRK. HRK workshop simply mentioned that the performance of the item on wheel lathe was satisfactory and did not mention any parameter for performance test (copy of report attached).

Against the same PO, material for GHZ depot was also purchased. GHZ Depot advised RITES about the satisfactory performance of the material and finally IC was issued by RITES. GHZ depot acted on the basis of Performance Test report furnished by SSE/BRWD. No test parameter was either mentioned by BRWD and the performance test report was not countersigned by any officer (copy of report attached).

ii. An analysis of consumption of the material by MGS and BRWD was made. It was noted that number of wheels turned per INSERT varied from 5 to 18 at both places. Consumption was very high when stock available was more and issue from the depot was very large in comparison to EAC (say 2 to 7 times the EAC). Consumption pattern of the item since 2009-10 is enclosed.

iii. From the PO No. 3005121256112558 dated 12.03.14 of the item, it is noted that ECR uses uncoated material where as in other Rlys coated material is used. Quality wise coated materials should be better and uncoated should be cheaper.

iv. Against EAC of 840 nos for GHZ, 3285 nos valuing Rs 28, 81, 569.00 was purchased against the PO No 3005121256112558 dated 12.03.14 i.e. about 4 years requirement. Similarly for EAC of 1800 nos for MGS, 3600 nos valuing Rs 31, 57, 844 was purchased. During investigation, it was noted that quantity purchased for GHZ included the requirement of MGS also

मुगलसराय डिपो के द्वारा अलग से भी माँगपत्र बनाया गया तथा मुख्यालय में क्रय किया गया।

यह भी पाया गया कि बॉक्सएन/मुगलसराय के लिए सामग्री की अनुमानित वार्षिक खपत वर्ष 2011-12 में 360 नग से बढ़ाकर वर्ष 2012-13 में 1800 नग तथा बाद में रिवाइज कर वर्ष 2015-16 में 2400 नग कर दिया गया। अनुमानित वार्षिक खपत में इस प्रकार की उच्च वृद्धि के लिए कोई वास्तविक कारण नहीं दिया गया। अनुमानित वार्षिक खपत में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी के लिए मुख्य याँत्रिक अभियंता के द्वारा अनुमोदन दिया गया लेकिन 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी को गलत ढंग से मुख्यालय द्वारा सूचित किया गया। मुख्य याँत्रिक अभियंता का अनुमोदन एवं वरिष्ठ याँत्रिक अभियंता/फ्रैट द्वारा मुख्य याँत्रिक अभियंता के अनुमोदन की सूचना जो सर्वसंबंधित को दी गई, संलग्न की जाती है।

उक्त वर्णित अनियमतताओं के लिए, सिस्टम इम्प्रूवमेंट पत्र में निम्न बिन्दुओं को निहित किया जा सकता है :-

(क) एक कंसाइनी के द्वारा सामग्री को अस्वीकृत करने के बाद सामान्यतया दूसरे कंसाइनी को जाँच/निष्पादन परीक्षण के लिए उसी सामग्री को जारी करने की पद्धति नहीं अपनायी जानी चाहिए। याँत्रिक विभाग, सामग्री के निष्पादन परीक्षण के लिए मापदंड परिभाषित करे।

(ख) यह उच्च मूल्य का मद है। उक्त पैरा (ii) में उल्लिखित अनियमित खपत पद्धति के आलोक में सामग्री के गबन व पुनः परिसंचरण की संभावना बनती है। याँत्रिक विभाग के द्वारा मद की वास्तविक खपत को निर्धारित करने की आवश्यकता है। भंडार डिपो से भी सामग्री का निर्गम आवश्यकतानुसार किया जाना चाहिए।

(ग) उक्त क्रयादेश में सामग्री पर विनिर्माण के माह एवं वर्ष के समुद्भरण का शर्त समाविष्ट नहीं किया गया है। क्रयादेश में समुद्भरण का शर्त समाविष्ट करने से आपूर्तित सामग्री के पुनःपरिसंचरण की सम्भावना कम हो जायेगी।

(घ) मुगलसराय और गढ़हरा डिपो के द्वारा अनकोटेड के बदले कोटेड सामग्री के प्रयोग की सम्भावना के बारे में विचार किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार की सामग्रियों (कोटेड एवं अनकोटेड) के दरों में अंतर को ध्यान में रखते हुए क्रयादेश जारी करना चाहिए।

where as MGS's requirement was purchased through separate demand of BOXN/MGS depot.

It was also noted that EAC of the item was increased for BOXN/MGS from 360 nos in 2011-12 to 1800 nos. in 2012-13 which was subsequently revised to 2400 nos in 2015-16. No factual justification for such high increase in EAC was furnished. Approval for increase of 10% in EAC was accorded by CME but it was wrongly communicated for more than 10% increase. Approval of CME and communication of CME's approval by SME/Frt is enclosed.

For the irregularities mentioned above, system improvement letter covering following points may be issued-

(a) The practice of issue of material to other consignee for inspection/performance test after it has been rejected by one consignee should normally not be resorted to. Mechanical department may define parameters for performance test of the material.

(b) This is high value item. In view of irregular consumption pattern as brought out above at para (ii), there may be possibility of misuse and misappropriation of material/recirculation. Actual requirement of the item is required to be assessed by Mechanical department. Issue of material from Stores depots should be made as per requirement.

(c) Clause of embossing Month and Year of manufacturing has not been incorporated in the above PO. Incorporation of embossing clause in PO will lessen the possibility of recirculation of the supplied material.

(d) Possibility of use of coated material instead of uncoated one by both MGS & GHZ depot may be explored. While ordering, the aspect of price difference of different types of materials (coated and uncoated ones) needs to be kept in view.

(ड) क्रयादेश सं.3005121256112558 दिनांक12.03.14, मूल्य रु. 31,57,844/- के द्वारा बॉक्सएन डिपो/मुगलसराय के लिए मद का दो बार क्रय किया गया। अंतिम क्रय के समय माँग की समीक्षा करने की पद्धति अपनायी जानी चाहिए। मुगलसराय एवं गढ़हरा डिपो के लिए समान सामग्रियों की द्वय क्रय की समीक्षा की जानी चाहिए।

(च) किसी मद की अनुमानित वार्षिक खपत में वृद्धि के लिए पूर्ण वास्तविक औचित्य के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए और सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद फील्ड यूनिट को सही सूचना दी जानी चाहिए।

उक्त वर्णित तथ्यों के संबंध में जारी किए गए निर्देशों की एक प्रति, इस कार्यालय को रिकार्ड के लिए उपलब्ध करायी जाए।

संलग्नक-यथोक्त/

(जे.के.वर्मा)

वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

The Burning Desire

A young man asked Socrates the secret to success. Socrates told the young man to meet him near the river the next morning. They met. Socrates asked the young man to walk with him toward the river. When the water got up to their neck, Socrates took the young man by surprise and ducked him into the water. The boy struggled to get out but Socrates was strong and kept him there until the boy started turning blue. Socrates pulled his head out of the water and the first thing the young man did was to gasp and take a deep breath of air. Socrates asked, 'What did you want the most when you were there?" The boy replied, "Air." Socrates said, "That is the secret to success. When you want success as badly as you wanted the air, then you will get it." There is no other secret.

(e) Dual procurement for the item has been made against PO No 3005121256112558 dated 12.03.14 for BOXN Depot/MGS amounting to Rs 31, 57, 844. System of Demand Review should be introduced at the time of deciding the final procurement quantity. Such dual procurement for the same materials by 2 depots in general & MGS & GHZ depots in particulars to be reviewed.

(f) Increase in EAC of any item should be proposed with factual justification and communicated correctly to the field units after approval of competent authority.

